सुविचार

जो व्यक्ति समझदार होता है वो खुद गलतियां नही करता है, बल्कि दुसरो की गलतियों से ही सब कुछ सिख लिया करता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 62 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 29 सितंबर, 2023 Email: garibonkasitara@gmailÜcom



## तथ्य बताते सत्य
## नं 1 राजस्थान हेतु
## स्वास्थ्य में बढ़ते कदम



| | तब 2014 - 2018 | अब 2019 - अगस्त 2023 |
|---|---|---|
| नए उप स्वास्थ्य केंद्र | 07 | 1773 |
| नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 24 | 77 |
| उप जिला अस्पताल | 0 | 67 |
| जिला अस्पताल | 0 | 27 |
| उप स्वास्थ्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नयन | 36 | 540 |
| प्राथमिक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नयन | 45 | 268 |
| नए मेडिकल कॉलेज | 6 | 12 |
| MBBS सीटों में वृद्धि | 650 | 1980 |
| PG सीटों में वृद्धि | 366 | 706 |
| नए नर्सिंग कॉलेज | 3 | 29 |



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान

| पूर्वानुमान> 27° | शुक्र | शनि | रवि | रवि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 30°c | 30°c | 32°c | 32°c |
| न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

# आमेर में उप जिला प्रमुख 'मोहन डागर' पर टिकी कांग्रेस की निगाहें!

## जालसू और आमेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत में मोहन डागर के तूफानी जनसंपर्क अभियान के क्या है मायने ?

## पिछले विधानसभा चुनाव में भी की थी तगड़ी दावेदारी, इस बार कांग्रेस के पैनल में टॉप पर है डागर का नाम

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** पिछले विधानसभा चुनाव में शहर की आमेर विधानसभा सीट पर पराजय का मुंह देखने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार इस सीट के उम्मीदवार के चयन को लेकर काफी गंभीर और चौकस दिख रही है हालांकि इस सीट पर कांग्रेस पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी टिकट की दावेदारी प्रस्तुत की है लेकिन इस बार कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार प्रत्याशी चयन में फूंक फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहे हैं पार्टी के रणनीतिकार उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया में दावेदार की वरिष्ठता की तुलना में दावेदार की ग्रामीण जनता पर कितनी पकड़ मजबूत है इस बात पर गंभीरता से स्टडी कर रहे हैं जिस दावेदार की ग्रामीण जनता में लोकप्रियता और पकड़ मजबूत होगी उसी को टिकट मिलने की प्रबल संभावना है, इसलिए इस बार जयपुर जिला उप प्रमुख मोहन डागर के टिकट मिलने की राह काफी आसान दिख रही है, राजनीतिक गलियारों और आमेर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों में भी चर्चा जोरों से है कि ग्रामीण इलाकों में अपने तूफानी जनसंपर्क अभियान से अपनी मजबूत लोकप्रिय छवि बना चुके डागर इस बार टिकट हासिल करने में कामयाब हो सकते हैं हालांकि इस सीट पर टिकट की दौड़ में पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी प्रशांत शर्मा, झोटवाड़ा से विधायक और कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया सहित पार्टी के कई अन्य नेता भी शामिल हैं लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी तगड़ी दावेदारी प्रस्तुत करने के बावजूद टिकट से वंचित रहे मोहन डागर को लेकर कांग्रेस के रणनीतिकार इस बार ज्यादा सकारात्मक नजर आ रहे हैं क्योंकि आमेर विधानसभा क्षेत्र का अधिकांश इलाका ग्रामीण परिवेश से जुड़ा हुआ है जिसमें मोहन डगर ठेठ ग्रामीण और किसान पृष्ठभूमि परिवार से जुड़े रहने की वजह से ग्रामीण इलाकों में विगत कई सालों से नियमित रूप से अपने सगन जनसंपर्क अभियान में अपने सहज, सरल, सौम्य और मिलनसार व्यवहार से ग्रामीणों के जबरदस्त टच में है जिसकी वजह से हर जाति और बिरादरी के लोग उनसे काफी प्रभावित भी है और भावनात्मक रूप से जुड़े हुए भी हैं इस तथ्य से प्रदेश कांग्रेस के रणनीति कर और जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी के सभी बड़े नेता अच्छी तरह से वाकिफ हैं इसलिए टिकट के दावेदारों में मोहन डागर की दावेदारी सबसे मजबूत बताई जा रही है अब देखना यह है कि कांग्रेस के रणनीतिकार इस सीट पर किस पर ज्यादा भरोसा और उम्मीद जताकर पार्टी का सिंबल सौंपते हैं।



## 'मोहन डागर' की मजबूत दावेदारी के पीछे है कई बड़े कारण

सितारा न्यूज नेटवर्क पालिटिक्स बिग स्टोरी

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मोहन डागर विगत कई सालों से कांग्रेस पार्टी के काफी सक्रिय और कर्मठ नेता के रूप में माने जाते हैं, वर्तमान में उप जिला प्रमुख होने के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस में महासचिव पद पर तैनात हैं, पूर्व में जयपुर जिला परिषद में प्रतिपक्ष के नेता रह चुके हैं, पूर्व में आमेर पंचायत समिति के सदस्य रह चुके हैं, पूर्व में प्रदेश कांग्रेस के सचिव रह चुके हैं, वर्ष 2014 से लेकर अब तक राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जयपुर जिला के संयोजक पद पर रह चुके हैं, पूर्व में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष और आमेर युवा ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं, इन तमाम पदों पर रहते हुए डागर के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ आमेर विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जयपुर के ग्रामीण इलाकों में विगत कई सालों से नियमित रूप से अपना कार्यक्रम बनाकर ग्रामीण जनता से मिलते रहे, प्रदेश में भाजपा शासन काल के दौरान भी मोहन डागर ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जयपुर जिले में गांव-गांव ढाणी ढाणी गए और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुलझाने का हर संभव प्रयास किया इसके अलावा कांग्रेस पार्टी की नीतियों सिद्धांतों और कार्यक्रमों के बारे में भी लोगों को बारीकी से बताते रहे और उन्हें पार्टी से जोड़ते रहे जिसकी वजह से पूरे जयपुर जिले में डागर एक मजबूत राजनेता के रूप में स्थापित हो गए। जानकारों का कहना है कि मोहन डागर जयपुर जिला कांग्रेस पार्टी के पहले ऐसे नेता हैं जिन्हें जयपुर जिला परिषद और पंचायत समिति के कामकाज और कार्यशैली की बहुत अच्छी तरह से परख है क्योंकि उनका अधिकांश कार्यकाल जिला परिषद और पंचायत समिति की मीटिंगों में ही बीता है इसलिए जयपुर जिले की सभी ग्राम पंचायत की वस्तु स्थिति और समस्याओं का डागर को बहुत अच्छी तरह से नॉलेज है यही वजह है कि आमेर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जाति और समाजों के संगठनों से जुड़े बड़े नेताओं के अलावा व्यापारिक संगठन भी मोहन डागर के साथ दिल से जुड़े हुए हैं, इन सब तथ्यों को देखते हुए डागर की दावेदारी को सबसे मजबूत माना जा रहा है।

### क्षेत्र के किसानों और युवा वर्ग में है जबरदस्त लोकप्रिय

जानकारों का कहना है कि मोहन डागर खुद किसान हैं और ग्रामीण परिवेश से जुड़े रहने की वजह से किसानों की तकलीफों को अच्छी तरह से समझते हैं यही वजह है कि उन्होंने पिछले 5 साल में प्रदेश की गहलोत सरकार की ओर से किसानों के कल्याण और खेती के विकास के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में गांव-गांव और ढाणी ढाणी में जाकर किसानों को बताया और समझाया, गहलोत सरकार की ओर से शुरू की गई योजनाओं का फायदा उठाने के लिए खुद आगे बढ़ाकर किसानों के फॉर्म भरे और उनकी कागजी कार्रवाई को संपादित किया जिसकी वजह से अनेकों किसानों को गहलोत सरकार की ओर से शुरू की गई योजनाओं का फायदा भी मिला, डिप्टी जिला प्रमुख पद पर विराजमान होने के बाद मोहन डागर ने जयपुर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन करके ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया, शहरी और ग्रामीण ओलंपिक खेलों में भी हर जगह हर जगह मौके पर जाकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की जिसकी वजह से किसान और युवा दोनों वर्गों में मोहन डागर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली है, इतना ही नहीं प्रशासन शहरों के संग और प्रशासन गांवों के संग अभियान में भी रोजाना मोहन डागर ने बकायदा अपना कार्यक्रम तैयार कर-के इन अभियानों के तहत आयोजित होने वाले शिवरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवरकर मौके पर लोगों की विभिन्न तरह की समस्याओं का निवारण करवाया जिसकी वजह से मोहन डागर आज जयपुर जिले में कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हो गए हैं।

## संत रविदास छात्रावास समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक संपन्न

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** ।संत रविदास (रैगर)छात्रावास समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक संपन्न हुई,जिसमे संस्थापक सदस्य अजय तंवर को सम्मानित किया गया । रवि लाईब्रेरी द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्रों, नवचयनित प्रतिभा का अपने निजी स्तर पर प्रथम सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया। छात्रावास समिति द्वारा समिति के अध्यक्ष वीरम लाल बालोटिया का छात्रावास हेतु साहसिक और सराहनीय कार्य करने हेतु माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक में समिति के सम्मानित सदस्य वीरम लाल बालोटिया (अध्यक्ष), रतनलाल बालोटिया, हेमराज चोरोटियां, रामलाल खोरवाल, ब्रजराज बोहरा, शंकर लाल जाग्रत ,अनिल कुमार आर्य,अजय तंवर,शोभाग मल खोरवाल, सूबेदार मेजर मोहन लाल,उपस्थित रहे। अन्त में समिति के अध्यक्ष ने सभी का आभार ज्ञापित किया ।

संस्थापक सदस्य अजय तंवर को किया सम्मानित



## आरपीएससी ने जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में किया बदलाव

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 1 अक्टूबर 2023 रविवार को आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा 2023 के लिए जयपुर शहर के एक परीक्षा केंद्र में बदलाव किया है। आयोग ने जयपुर शहर के केंद्र संख्या (16-0185) में बदलाव करते हुए रोल नंबर 1261023 से 1261358 तक अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र शिवालिक कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, बस स्टैंड जगतपुरा जयपुर के स्थान पर जे. एस. एंजेल्स एकेडमी, 52-53, जगदीश विहार, मैन बस स्टैंड, जगतपुरा, जयपुर को परीक्षा केंद्र बनाया है। आयोग द्वारा परीक्षा केंद्र परिवर्तन की सूचना संबंधित अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से प्रेषित कर दी गई है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ...**

# अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर्स व सचिवों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एडीएम को सौंपा ज्ञापन

### 7 दिवस में भ्रष्ट अधिकारियों को हटाने निर्दोष दुग्ध समितियों को पुनः खोलने तथा दोषी समितियों को बन्द कराने हेतु सौंपा ज्ञापन







**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर व एमडी महेश कुमार शर्मा के खिलाफ अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर्स और डेयरी सचिवो ने अलवर सरस डेयरी कार्यालय मे आकर बुधवार को मिडिया की मौजदूगी मे प्लान्ट मैनेजर राधेश्याम (एमडी की अनुपस्थिति मे) को ज्ञापन देकर तीन दिन मे बिन्दुवार समाधान करने का अल्टीमेटम दिया है और मांग नही मानने पर आन्दोलन की भी चेतावनी दी है और सचिवो ने संघ से दुध व्यापार बंद करने की भी लिखित मे दी है। सरस डेयरी डायरेक्टर्स और सचिवो ने अलवर सरस डेयरी प्रांगण मे पूर्व चेयरमैन रामफल गुर्जर के नेतृत्व मे मिटिंग की और तत्पश्चात अलवर कलेक्टर कार्यालय मे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते हुए जांच कर दोषी अधिकारियो के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। रामफल गुर्जर पूर्व चेयरमैन और वर्तमान डायरेक्टर ने मिडिया की उपस्थिति मे सभी को अवगत कराया है कि अलवर सरस डेयरी जितनी ज्यादा मनमानी , तानाशाही और भ्रष्टाचार हो रहा है इतना कभी आज तक नही देखा गया है क्योंकि एमडी और चेयरमैन ने मिलकर भ्रष्टाचार की सारी हदे पार कर दी है और यदि इनके भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नही हुई तो हम किसानो को साथ लेकर आन्दोलन भी कर सकते है जिसके जिम्मेदार अलवर जिला प्रशासन होगा। इधर डायरेक्टर शिवलाल मीना व कैलाश चंद ने बताया कि खुलेआम समितियो से मिलावटी दूध आ रहा है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही हो रही है जैसा कि हाल मे बूटोली इटउ--254 है जिस पर खुलेआम दिन मे प्राईवेट टैन्कर से अलवर सरस डेयरी के टैन्कर मे मिलावटी सप्लाई होते हुए पकड़ा गया है और सोशल मिडिया पर इस बूटोली बीएमसी-254 की वीडियोज खूब वायरल हो रही है लेकिन एमडी महेश कुमार शर्मा ने चेयरमैन विश्राम गुर्जर के दबाव मे आकर बूटोली बीएमसी के खिलाफ कुछ भी कार्रवाई नही की है जबकि इस समिति की क्षमता एक हजार लीटर की है लेकिन इस समिति का तीन खाता बनाकर 4--5 हजार लीटर दूध तक चढा दिया जाता है तथा निर्दोष दुध समितियो को बिना किसी कारण ही मिलावटी दिखाकर बन्द कर दिया जाता है।इसलिए जो समितिया बिना किसी कारण ही मिलावटी दिखाकर मनमाने ढंग से बन्द की गई है उनको तुरंत प्रभाव से खोल दिया जावे तथा संघ किसानो का संघ है और किसान के हित को सर्वोपरि मानते हुए अलवर डेयरी एमडी काम करें अन्यथा बहुत बड़ा आन्दोलन हो सकता है जिसके लिए जिम्मेदार प्रशासन ही होगा। मिडिया को यह सारी जानकारी अलवर सरस डेयरी डायरेक्टर शिवलाल मीना व अनेक समिति सचिवो द्वारा दी गई है।

## पंचाग

**दिनांक:29सितंबर 2023 शुक्रवार**

**विक्रम संवत 2080 भाद्रपद शुक्ल पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | पूर्णिमा | 15:26:28 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 23:17:05 |
| योग | वृद्धि | 20:01:49 |
| करण | बव | 15:26:28 |
| करण | बालव | 25:50:59 |
| चन्द्र राशि | मीन | |
| सूर्य राशि | कन्या | |
| दिशा शूल | पश्चिम | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:19:21 |
| सूर्यास्त | 18:14:47 | |
| चंद्रोदय | 18:22:39 | |
| चंद्रास्त | 30:46:11 | |
| राहू काल | 10:48 - 12:17 | |
| अभिजित | 11:54 - 12:41 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 06:19 - 07:49 | शुभ |
| लाभ | 07:49 - 09:18 | शुभ |
| अमृत | 09:18 - 10:48 | शुभ |
| शुभ | 12:17 - 13:46 | शुभ |
| चर | 16:45 - 18:15 | शुभ |



विशेष जानकारी:- श्राद्ध पक्ष प्रारम्भ:आज पूर्णिमा प्रतिपदा श्राद्धः- आज

ज्योतिषाचार्य **भानुप्रकाश शास्त्री**

## राजस्थान शिक्षक संघ धौलपुर की उप शाखा राजाखेड़ा के चुनाव सम्पन्न

### राजाखेड़ा के ब्लॉक अध्यक्ष बने वेदप्रकाश



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल ।** राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) धौलपुर की उप शाखा राजाखेड़ा के चुनाव जिलाध्यक्ष औतार सिंह लहरी की अध्यक्षता में चुनाव पर्यवेक्षक सुरेश चन्द मौर्या प्रदेश मंत्री व केदारनाथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा चुनाव अधिकारी राकेश कुमार व संतोष कुमार के द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न करवाया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष वेदप्रकाश ब्लॉक महामंत्री रामकृष्ण ब्लॉक सभाध्यक्ष नरेंद्र मीणा ब्लॉक कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार ब्लॉक संरक्षक संतोष कुमार महेश चन्द्र ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ब्लॉक संगठन मंत्री सुरेश चन्द बैरवा ,ब्लॉक संयुक्त मंत्री विक्रम सिंह प्रवक्ता धर्मेन्द्र कुमार प्रचार मंत्री राजेश कुमार यादव उमावि प्रतिनिधि श्यामलाल मावि रामसेवक प्रावि पंकज कुमार नारायण सिंह राशि प्रतिनिधि रामवीर सिंह प्रबोधक प्रतिनिधि पदमसिंह आदि को बनाया गया ।समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवायी गई तथा मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पवन सिंह कुलदीप मेहरा लोकेश कुमार मीणा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे ।

## विधायक ने किया ग्राम पंचायत शहदपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

महुआ - विधायक डॉक्टर ओमप्रकाश हुडला ने गुरुवार को ग्राम पंचायत शहदपुर के नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन और आईटी केंद्र का लोकार्पण किया और उसे जनता को समर्पित किया। इस दौरान विधायक हुडला का ग्राम पंचायत शहदपुर के सरपंच कृपा शंकर बैरवा और वरिष्ठ समाजसेवी भजनलाल बेरवा के नेतृत्व में फूल माला और साफा पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने फीता काटकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कोशिश विकास की और सर्व समाज को साथ लेकर चलने की है इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं और हमने लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार नवनिर्मित ग्राम पंचायत का निर्माण पुनर्गठन करवाया। जिससे आमजन को उनके घर की नजदीक ग्राम पंचायत स्तरीय सुविधाएं मिल सके उनको सरकार के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़े यह एक सच है कि जितनी छोटी इकाइयां होती है उतना ही विकास की पहुंच आम जन के निकट होती है। इसी क्रम में हमारे द्वारा ग्राम पंचायत शहदपुर का निर्माण करवाया गया और जिसका यह फायदा हुआ कि अब ग्राम पंचायत शहदपुर वहां पर और सीत, भोपर गांव के लोगों के लिए विकास उनकी पहुंच में आ सका है यह सब आप सबके वोट का ही आशीर्वाद है कि हमारे द्वारा महुआ और मंडावर दोनों पंचायत समितियां का पुनर्गठन और आवश्यकता पड़ने पर नई ग्राम पंचायत का भी निर्माण करवाया गया हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

जयपुर, शुक्रवार 29 सितंबर, 2023

### मणिपुर CM के घर पर हमले की कोशिश

## पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को 500 मीटर पहले रोका, आंसू गैस के गोले दागे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इंफाल पूर्व के लुवांगसांगबाम स्थित निजी घर पर गुरुवार रात उपद्रवी हमला करने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उनको घर से करीब 500 मीटर पहले ही रोक लिया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दाग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया। हमले के प्रयास के बाद सीएम के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



इस बीच राज्य में जुलाई से लापता दो मैतेई स्टूडेंट्स की डेड बॉडीज की तस्वीरें सामने आने के बाद हिंसा फिर भड़क गई है। बुधवार को राजधानी इंफाल समेत कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में छात्र शामिल थे। इस हिंसा में 50 घायल हुए हैं जिनमें से ज्यादातर स्कूली छात्र हैं। हैरान करने वाली बात ये है कि जिन इलाकों में हिंसा भड़की है उन्हें मणिपुर सरकार ने 'शांतिपूर्ण' घोषित कर AFSPA से दूर रखा है। बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने थोबुल जिले में बीजेपी ऑफिस में भी आग लगा दी, उधर इंफाल में बीजेपी अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर हमला किया और मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला जलाया गया। इंफाल वेस्ट जिले में प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी कलेक्टर के घर में आगजनी की कोशिश की। घर के कैंपस में खड़ी दो कारों को आग लगी दी और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। इंफाल में प्रदर्शनकारियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले, नकली बम फेंके और पैलेट गन चलाई। इंफाल के सिंग जामेई इलाके के 20 साल के एस उत्तम नाम के छात्र के सिर में कई छर्रें घुसने से उसकी हालत गंभीर है।

हालांकि इस हिंसा के बाद राज्य में अत्रढअ फिर से छह महीने के लिए बढ़ाने का फैसला विवादों में आ गया है। जिन इलाकों में हिंसा हो रही है उन्हें शांतिपूर्ण बताकर आर्म्ड फोर्सेज एक्ट से दूर रखा गया है।

### 7 दिन में फिर राजस्थान आ रहे पीएम मोदी

## 2 अक्टूबर को श्री सांवलिया सेठ मंदिर में करेंगे दर्शन

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर राजस्थान आ रहे हैं। 7 दिन में पीएम का यह दूसरा दौरा होगा। मोदी 2 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ के श्री सांवलिया सेठ मंदिर आएंगे। वे यहां कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। पीएम की यहां आमसभा को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले मोदी ने 25 सितंबर को जयपुर में परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित किया था।

**आमसभा को भी करेंगे संबोधित**

### सीपी जोशी का लोकसभा क्षेत्र ?

पीएम का दौरा फाइनल होने के बाद प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ श्री सांवलिया सेठ मंदिर जा रहे हैं। दोनों यहां पीएम की सभा को लेकर संगठनात्मक बैठक लेंगे। बैठक में चित्तौड़गढ़ जिला अध्यक्ष सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। चित्तौड़गढ़ प्रदेशाध्यक्ष जोशी का लोकसभा क्षेत्र भी है। ऐसे में यहां होने वाली पीएम की रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश संगठन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है।

## पीएम ने मंदिर में डाले थे नकद रुपए

***पुजारी का दावा झूठा, जानबूझकर फैलाई 21रु. के लिफाफे की बात?***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भीलवाड़ा जिले में गुर्जर समाज के आराध्य स्थल मालासेरी डूंगरी मंदिर के दान-पात्र में पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपए निकले के मामले में अब चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। दरअसल, पीएम मोदी ने दान-पात्र में नकद रुपए डाले थे, ना की कोई लिफाफा डाला था। सोशल मीडिया पर भी पीएम मोदी का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो दान-पात्र में नकद रुपए डालते नजर आ रहे है। ऐसे में अब यह तो साफ हो गया है कि पुजारी ने पीएम मोदी को लेकर जो दावा किया था वो अब झूठा साबित हो गया है। हालांकि, अब बड़ा सवाल ये है कि क्या पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपए निकलने की बात जान बूझकर फैलाई गई थी। दरअसल, 25 सितंबर को मालासेरी डूंगरी मंदिर का दान-पात्र खोला गया था। साल में एक बार खुलने वाले इस दान-पात्र से एक दिन में कुल 19 लाख रुपए निकले थे। पीएम मोदी की ओर से कोई बड़ी खुशखबरी मिलने की आस में लोग इस दान-पात्र के खुलने का आठ महीने से इंतजार कर रहे थे। लेकिन, मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने दान-पात्र से निकले पीएम मोदी के लिफाफे में 21 रुपए रखे होने का दावा कर सभी को चौंका दिया था।



### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा पीएम का वीडियो

पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपए निकलने की खबर कई दिनों से चर्चा का विषय बनीं हुई है। इसी बीच अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि पीएम मोदी ने दान पात्र में कोई लिफाफा नहीं डाला था, बल्कि उन्होंने दानपात्र में नकद रुपए डाले थे। वहीं, पुजारी का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें यह नहीं बताया गया है कि पीएम मोदी ने नकद रुपए डाले थे या दानपात्र में कितनी राशि डाली थी। ऐसे में यह तो साफ है कि राजनीतिक इरादे से ऐसी अफवाह फैलाई गई थी।

### पुजारी ने किया था ये दावा

मालासेरी डूंगरी के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया था कि दान पात्र से कुल तीन लिफाफे निकले थे। इसमें से एक लिफाफे से 2100, दूसरे से 101 और तीसरे से 21 रुपए निकले थे। तीनों ही लिफाफे अलग-अलग रंग के थे। पीएम मोदी का लिफाफा सफेद था।हालांकि, कुछ लोगों के यह बात हजम नहीं हो रही थी। ऐसे में अब मोदी का वीडियो वायरल होने के बाद यह तो साफ हो गया है कि पुजारी का दावा झूठा था।

### जनवरी में मंदिर आए थे पीएम मोदी

गौरतलब है कि गत 28 जनवरी को पीएम मोदी मालासेरी डूंगरी आए थे। उस समय उम्मीद लगाई जा रही थी कि पीएम मोदी उज्जैन की तर्ज पर देवनारायण लोक कॉरिडोर की घोषणा करेंगे, लेकिन उन्होंने कोई घोषणा नहीं की। इसके बाद पीएम मोदी का एक फोटो सामने आया था। इसमें वे मंदिर के दानपात्र में कुछ डालते नजर आ रहे थे।

### कोटा में सुसाइड मामले में सरकार गंभीर, अब हर 10 दिन में होगी एक बैठक



सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में राज्य में चल रहे कोचिंग संस्थानों के छात्रों के तनाव को कम करने और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए दिशानिर्देशों का पालन करने के संबंध में एक बैठक हुई। मुख्य सचिव ने कोचिंग संचालकों से कहा है कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए तनाव मुक्त माहौल सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। आज छुट्टी के दिन सचिवालय में इस संबंध में बैठक लेते कहा कि इस संबंध में पूरी जिम्मेदारी कोचिंग संचालकों की है। मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के अवांछित तनाव को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए, ताकि वे हताशा और निराशा के कारण गलत कदम न उठाएं. सीएस ने कहा कि कोचिंग संस्थान भी सफलता दर बढ़ाने के लिए बच्चों को इस अंधी दौड़ में धकेल देते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारी धरोहर हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि पढ़ाई के बोझ के कारण किसी बच्चे की मौत न हो।

## वसुंधरा गुट के देवी सिंह भाटी की भाजपा में वापसी

**अर्जुनराम मेघवाल के खिलाफ किया था प्रचार, कई और नेताओं ने भी जॉइन की पार्टी**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** लंबे समय बाद आखिरकार वसुंधरा गुट के नेता देवी सिंह भाटी की आज बीजेपी में वापसी हो गई। रात 10 बजे भाटी, श्रवण कुमार चौधरी, भागचंद सैनी, बीएल रिणवां भाजपा में शामिल हुए। बीजेपी प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, प्रभारी अरूण सिंह और प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने पार्टी जॉइन कराई।इस मौके पर भाटी ने कहा कि 5 साल बाद मेरी भाजपा में वापसी हुई है। पार्टी ने मुझे गले लगाया है। किन्हीं परिस्थितियों के चलते कुछ बिंदुओं पर मैं अलग हो गया था। मेरी वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा हुई। जो भी गिले शिकवे थे, वो दूर हो गए हैं। केंद्री मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से भी मेरी बात हो गई है। हम दोनों संतुष्ट हैं। हम मिलकर 2023 में भाजपा की सरकार बनाएंगे।



### प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में जुटे नेता

भाटी के साथ ही पार्टी जॉइन करने वालों में भागचंद सैनी बांदीकुई से भाजपा के प्रत्याशी रहे हैं। सीएलसी कोचिंग के डायरेक्टर श्रवण चौधरी और सीकर के गेटवैल हॉस्पिटल के डॉ बीएल रिणवां ने भी भाजपा का दामन थामा।

देवी सिंह भाटी ने साल 2019 के लोकसभा चुनावों में बीकानेर से अर्जुनराम मेघवाल को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज होकर पार्टी छोड़ दी थी। जिसके बाद उन्होंने खुलकर मेघवाल के खिलाफ प्रचार भी किया था। लंबे समय से उनके फिर से पार्टी में लौटने की चर्चा चल रही थी। आखिरकार आज देवी सिंह भाटी की घर वापसी हो गई। देवी सिंह भाटी साल 1980 में कोलायत विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए थे। उसके बाद से वे 2008 तक लगातार इस सीट से विधायक चुनकर आए थे। 2013 में वे चुनाव हार गए थे। 2018 में बीजेपी ने उनकी पुत्रवधू पूनम कंवर को टिकट दिया था, लेकिन वो भी कांग्रेस के प्रत्याशी भंवर सिंह भाटी से चुनाव हार गई थी। इसी चुनाव में देवी सिंह भाटी ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उनकी पुत्रवधू के खिलाफ कैंपन करके चुनाव हरवाया है।

### वसुंधरा राजे के माने जाते हैं कट्टर समर्थक

देवी सिंह भाटी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक माने जाते हैं। भाटी ने दो माह पहले ही वसुंधरा के पक्ष में बयान देते हुए कहा था कि जब तक राजे को लीडरशिप नहीं दी जाती तब तक उनके कार्यकताओं को भाजपा में मान-सम्मान नहीं मिलेगा। वे तीसरे मोर्चे की संभावना तलाशने के लिए जोधपुर पहुंचे थे। यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा था कि तब तक भाजपा में नहीं जाऊंगा, जब तक राजे को कमान नहीं दी जाती है।



### हथिनी की मौत से महावतों में शोक की लहर

## आमेर के हाथी गांव में अब तक दो हथिनी की मौत

### महावतों को मौके पर मिली थी जहर की बाटियां

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रोहन शर्मा /आमेर।** राजधानी जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में हथिनियों को जहर देने का एक बड़ा मामला सामने आया है। हाथी मालिक ने 4 हथिनियों को जहर देने का आरोप लगाया है। जहर के कारण अब तक दो हथनीया 63 नंबर जयंती व 26 सितंबर को 57 नंबर हथिनी लक्ष्मी की मौत हो चूँकि है , जबकि 2 हथिनियां बीमार चल रही है जिनको डॉक्टरों की देखरेख में रखा जा रहा है हाथी मालिक ने आमेर थाने में एक एनजीओ के खिलाफ केस दर्ज कराया है और आटे की बाटियों में जहर खिलाकर मारने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी मै गया कि बताया कि हाथी मालिक सद्दीक खान ने रिपोर्ट देकर बताया कि हाथी गांव में उसके बाड़े में बंधी 4 हथिनियों को 25 सितंबर की रात को एक एनजीओ के लोगों ने बाटी में जहर दे दिया। जहर की बाटियां खाने से उनकी दो हथिनीयो की मौत हो गई, जबकि 2 हथिनियां बीमार चल रही है। महावतों को हथिनियों के बाड़े से करीब 10 बाटियां मिली। इनकी जांच करने पर सामने आया कि उसमें जहर मिला हुआ है। पुलिस ने बताया कि मौके से बाटियां जब्त की गई है और 63 नंबर हथिनी का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा । फिलहाल पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**हाथी मालिक का आरोप- जहर देकर मारा**



### संघ पदाधिकारियों से शाह की मीटिंग कैंसिल:गृह मंत्री और भाजपा अध्यक्ष नड्डा दिल्ली रवाना

*परिवर्तन यात्राओं में कम भीड़ और गुटबाजी पर जताई नाराजगी*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के बाद बीजेपी ने विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने जयपुर के एक होटल में बुधवार देर रात तक प्रदेश के प्रमुख नेताओं के साथ बैठकें कीं। बताया जा रहा है कि नड्डा व शाह ने परिवर्तन यात्राओं में कई जगह भीड़ नहीं जुटने, नेताओं की गुटबाजी के चलते कई जगह स्थानीय नेताओं के विरोध जैसी घटनाओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रदेश स्तर के नेताओं के बीच चल रही आपसी प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दों पर नड्डा और शाह ने नेताओं को नसीहत दी है। इसी बीच अचानक आज दोनों नेताओं की संघ पदाधिकारियों के साथ होने वाली मीटिंग व दूसरे कार्यक्रम कैंसिल हो गए हैं। दोनों नेता दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। देर रात हुई मीटिंग में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, प्रदेश चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी, चुनाव प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश सह चुनाव प्रभारी विजया राहटकर, कुलदीप बिश्नोई, उप नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# भारतीय कृषि को एक और क्रांति की जरूरत

भारत के महान अनुवांशिक वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान और शिक्षा के एक युग का अंत हो गया है। आजादी के वक्त अनाज संकट के दौर से गुजर रहे भारत को महज 25 वर्ष में खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में अहम किरदार निभाने वाले हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक स्वामीनाथन देशवासियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे। उन्होंने हरित क्रांति के जरिये देश में कृषि क्षेत्र में नवाचार की ऐसी नींव रखी कि आज भारत न केवल खाद्यान्न के बफर स्टॉक के साथ उत्पादन में आत्मनिर्भर है, बल्कि वह पचास से अधिक देशों को निर्यात भी कर रहा है। आजाद भारत में पहली कृषि क्रांति लाने वाले स्वामीनाथन के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अनुवांशिकी विशेषज्ञ और अंतर्राष्ट्रीय प्रशासक स्वामीनाथन के प्रयत्नों का परिणाम यह है कि भारत में खाद्यान्नों के उत्पादन में निरंतर वृद्धि होती रही है। अनेक पुरस्कारों से सम्मानित स्वामीनाथन ने कृषि मंत्रालय में प्रधान सचिव (1979-80), योजना आयोग (1980-82) में कार्यवाहक उपाध्यक्ष और बाद में सदस्य (विज्ञान और कृषि) और फिलीपीन के अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में महानिदेशक (1982-88) पद पर भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने 2010 से 2013 तक खाद्य सुरक्षा पर विश्व समिति के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ पैनल की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में अफगानिस्तान और म्यांमा में चलायी जा रही परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल की भी अध्यक्षता की। आज जब स्वामीनाथन हमारे बीच नहीं हैं, तो उनके उत्तराधिकारियों का फर्ज है कि वे भारतीय कृषि व अनुसंधान में नव प्रयोग के सिलसिले को थमने ना दें। आज भारत कृषि क्षेत्र में काफी अच्छी स्थिति में है। गन्ना, बाजरा, जूट, अरंडी, आम, केला, अंगूर, कसाबा, मटर, अदरक, पपीता और दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है, तो गेहूं, चावल, फल और सब्जियाँ, चाय, आलू, प्याज, लहसुन, चावल, बिनौला उत्पादन में दूसरे व उर्वरक उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। भारत का कृषि निर्यात 50 अरब डॉलर की ऐतिहासिक उंचाई पर पहुंच गया है। इसके बावजूद भारत स्वामीनाथन का कृषि को लाभकारी बनाने का सपना पूरा नहीं कर सकता है। देश की कृषि अच्छी होने के बावजूद किसानों की स्थिति में गुणात्मक सुधार नहीं आया है। खुद मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आते वक्त वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, आज देश वर्ष 2023 में है, लेकिन दोगुनी आय का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, भावांतर योजना, मंडी सुधार योजना जैसे अनेक प्रयास किए गए हैं, इसके बावजूद किसानों की दशा नहीं सुधरी है। किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। विदर्भ, पंजाब, आंध्र प्रदेश आदि क्षेत्रों से किसान आत्महत्या की खबरें आती हैं। कृषि जीडीपी में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। कृषि क्षेत्र में भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की क्षमता है, बस इस क्षेत्र में सरकार को ईमानदारी से नीतियां लागू करने की आवश्यकता है। अभी किसान पूंजी, कर्ज, सिंचाई की कमियों, एमएसपी की पहुंच में कमी, मंडी में बिचौलियों का दबदबा, भंडारण की दिक्कत आदि से कृषि क्षेत्र दोचार हैं। हरित क्रांति से सीखते हुए आज 21वीं सदी में हमारी कृषि को एक और क्रांति की जरूरत है। सही मायने यही एमएस स्वामीनाथन को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



स्मृति शेष
शंभू भद्र

# कृषि पुनर्जागरण के 'स्वामी'

> स्वामीनाथन ने 1960 के दशक में भारत में अकाल जैसी परिस्थितियों में कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने के लिए किसानों व सरकार की नीतियों के साथ नॉरमोन बोरलॉग के साथ मिलकर कृषि वाचार हेतु काम किया। बंगाल में अकाल व भारतीय उपमहाद्वीप में अनाज की कमी को देखते हुए स्वामी ने आईपीएस की नौकरी को छोड़कर कृषि क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित किया। आधुनिक भारतीय कृषि के 'आधारपुरुष' स्वामीनाथन को ही कृषि क्षेत्र में कायापलट लाने वाली संकर क्रांति का श्रेय जाता है। कृषि में एमएस स्वामीनाथन के अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

भारत अगर खाद्यान्न उत्पादन में आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि निर्यातक भी है, तो इसके पीछे जिस वैज्ञानिक शख्सियत की सोच थी, वह कोई और नहीं, मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन (एमएस स्वामीनाथन) थे। 98 वर्ष की आयु में उनका निधन भारतीय कृषि क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है। प्रतिष्ठित आनुवांशिक वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत की सफल हरित क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए थे। स्वामीनाथन ने 1960 के दशक में भारत में अकाल जैसी परिस्थितियों में कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति लाने के लिए किसानों व सरकार की नीतियों के साथ नॉरमोन बोरलॉग के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने उच्च उपज वाली संकर बीज, मशनीकृत कृषि उपकरण, नई हार्वेस्टिंग तकनीक, नई सिंचाई प्रणाली, उच्चगुणवत्ता के उर्वरक के प्रयोग जैसे नवाचार से भारतीय कृषि की तस्वीर बदल दी। आज भारत अगर करीब पांच लाख टन अनाज के बफर स्टॉक पर बैठा है तो, इसके पीछे स्वामीनाथन जैसे कृषि वैज्ञानिकों व प्रगतिशील किसानों का अथक परिश्रम है। बंगाल में अकाल व भारतीय उपमहाद्वीप में अनाज की कमी को देखते हुए स्वामी ने आईपीएस की नौकरी को छोड़कर कृषि क्षेत्र को अपना जीवन समर्पित किया। आधुनिक भारतीय कृषि के 'आधारपुरुष' स्वामीनाथन को ही कृषि क्षेत्र में कायापलट लाने वाली संकर क्रांति का श्रेय जाता है।

भारत की हरित क्रांति की यात्रा काफी लंबी है, कभी सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत को विदेशी आक्रांताओं के अनेकानेक जुल्म ओ सितम सहना पड़ा है। भारतीय कृषि क्षेत्र भी इससे अधूरा नहीं है। आजादी के बाद देश जब अपनी विकास यात्रा शुरू कर रहा था, तो सबसे बड़ा संकट उस समय के हिसाब से करीब 32 करोड़ की आबादी का पेट भरना था। ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीय कृषि की रीढ़ तोड़ दी थी, देश की ऐसी हालत थी कि वह अपनी जनता का पेट भरने लायक अनाज का भी उत्पादन नहीं कर पा रहा था। भारत के संबंध में यह धारणा बन चुकी थी कि कृषि से जुड़े होने के बावजूद भारत के लिए भुखमरी से निजात पाना कठिन है। एमएस स्वामीनाथन ही वे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने सबसे पहले गेहूं की एक बेहतरीन किस्म को पहचाना और स्वीकार किया। यह मैक्सिकन गेहूं की एक किस्म थी, जिसे स्वामीनाथन ने भारतीय खाद्यान्न की कमी दूर करने के लिए सबसे पहले अपनाने के लिए स्वीकार किया। स्वामीनाथन के प्रयत्नों का परिणाम यह है कि भारत की आबादी में प्रतिवर्ष पूरा एक ऑस्ट्रेलिया समा जाने के बाद भी खाद्यान्नों के मामले में वह आत्मनिर्भर बन चुका है। 'हरित क्रांति' कार्यक्रम के तहत ज़्यादा उपज देने वाले गेहूं और चावल के बीज ग़रीब किसानों के खेतों में लगाए गए थे। इस क्रांति ने भारत को दुनिया में खाद्यान्न की सर्वाधिक कमी वाले देश के कलंक से उबारकर 25 वर्ष से कम समय में आत्मनिर्भर बना दिया था। उस समय से भारत के कृषि पुनर्जागरण ने स्वामीनाथन को 'कृषि क्रांति आंदोलन' के वैज्ञानिक नेता के रूप में ख्याति दिलाई। उनके द्वारा सदाबहार क्रांति की ओर उन्मुख अवलंबनीय कृषि की वकालत ने उन्हें अवलंबनीय खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में विश्व नेता का दर्जा दिलाया।



एमएस स्वामीनाथन को 'विज्ञान एवं अभियांत्रिकी' के क्षेत्र में 'भारत सरकार' द्वारा 1967 में 'पद्म श्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था। लंदन की रॉयल सोसायटी सहित विश्व की 14 प्रमुख विज्ञान परिषदों ने स्वामीनाथन को अपना मानद सदस्य चुना। इसके अलावा, वे सामुदायिक नेतृत्व के लिए 'मैग्सेसे पुरस्कार', 'अल्बर्ट आइंस्टीन वर्ल्ड साइंस पुरस्कार', पहला 'विश्व खाद्य पुरस्कार', अमेरिका में 'टाइलर पुरस्कार', पर्यावरण तकनीक के लिए जापान का 'होंडा पुरस्कार', फ्रांस का 'ऑर्डर दु मेरिट एग्रीकोल' (कृषि में योग्यताक्रम), मिसूरी बॉटेनिकल गार्डन (अमेरिका) का 'हेनरी शॉ पदक', 'वॉल्वो इंटरनेशनल एंवायरमेंट पुरस्कार', 'यूनेस्को गांधी स्वर्ग पदक' से सम्मानित हो चुके हैं।

विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के साथ प्राप्त धनराशि से स्वामीनाथन ने वर्ष 1990 के दशक के आरंभिक वर्षों में 'अवलंबनीय कृषि तथा ग्रामीण विकास' के लिए चेन्नई में एक शोध केंद्र की स्थापना की। 'एमएस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन' का मुख्य उदेश्य भारतीय गांवों में प्रकृति तथा महिलाओं के अनुकूल प्रौद्योगिकी के विकास और प्रसार पर आधारित रोजग़ार उपलब्ध कराने वाली आर्थिक विकास की रणनीति को बढ़ावा देना है। फ़ाउंडेशन में स्वामीनाथन और उनके सहयोगियों द्वारा पर्यावरण प्रौद्यौगिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। स्वामीनाथन दक्षिण एशिया के उत्तरदायित्व के साथ पर्यावरण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यूनेस्को में भी पदासीन रहे। उनकी महान विद्वत्ता को स्वीकरते हुए इंग्लैंड की रॉयल सोसाइटी और बांग्लादेश, चीन, इटली, स्वीडन, अमेरिका तथा रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) की राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों में उन्हें शामिल किया गया। वह 'वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज़' के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे। 1999 में टाइम पत्रिका ने स्वामीनाथन को 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई व्यक्तियों में से एक बताया था। स्वामीनाथन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा हरित क्रांति में उनके नेतृत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें 'आर्थिक पारिस्थितिकी का जनक' बताया गया है। वह 2007 से 2013 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। स्वामीनाथन का जीवन उपलब्धियों से भरा पड़ा है। उन्होंने 70 के दशक के मध्य तक भारत को चावल और गेहूं में आत्मनिर्भर बना दिया था। उन्हें दुनियाभर के विश्वविद्यालयों से डॉक्टरेट की 84 मानद डिग्री प्राप्त हुई थीं। उनकी एक बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक हैं। स्वामीनाथन के निधन से कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के एक ऐसे युग का अंत हो गया जो आसान नवाचार से भरा हुआ था। कृषि में नाथन के अभूतपूर्व योगदान ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और राष्ट्र के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव जेवियर परेज डी सुइलर ने उन्हें ''ऐसी किवदंती बताया जिनका नाम दुर्लभ विशिष्टता वाले विश्व विख्यात वैज्ञानिक के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन खाद्य सुरक्षा और कृषि से जुड़ी हर अहम पहल का हिस्सा थे और उन्होंने पोषण सुरक्षा के लिए मोटे अनाज पर ध्यान केंद्रित करने में भी अहम योगदान दिया भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने अपने पीछे एक समृद्ध विरासत छोड़ी है जो दुनिया को मानवता के लिए एक सुरक्षित और भूख-मुक्त भविष्य की ओर ले जाने में मार्गदर्शक के रूप में काम करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



# मानवाधिकारों का दिल्ली घोषणा-पत्र से नई उम्मीदें

देश की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय मानव अधिकारों के प्रशांत मंच ने दिल्ली घोषणा-पत्र जारी किया है, जिसमें एशिया के अनेक देश एकत्रित थे। इस महाकुम्भ में मानव अधिकारों के लिए अनेक धारणाओं को विशेषज्ञों ने व्यापक सुझाव, वैचारिक सहमति और निष्पादन के लिए एकजुटता पर बल दिया। फोरम के बैनर तले यह कहा गया कि हम, राष्ट्रीय मानवाधिकार के एशिया प्रशांत फोरम (एपीएफ) के सदस्य हैं। हम पन्द्रह सूत्रीय प्रतिबद्धताओं के साथ एशिया में मानव अधिकारों की सुरक्षा, संवर्धन और गरिमा की स्थापनाओं के लिए एकीकृत भाव से अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे। विज्ञान भवन में एकत्रित मानवाधिकारवादियों ने सार्वभौमिक मूल्यों की स्थापनाओं में अपनी प्रतिबद्धता दर्ज़ की जिसके मूल में मनुष्य हैं, प्रकृति है, पर्यावरण हैं, जलवायु हैं, गरीबी पर अंकुश है, और दूसरी वे सारी मानव जनित समस्याएं हैं, जिससे पूरी दुनिया आज तबाही और बर्बादी के मोहाने पर कड़ी दिख रही है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की मेजबानी में यह महासम्मेलन ठीक जी-20 के बाद हुआ और संयुक्त राष्ट्र महासभा अधिवेशन के साथ हुआ है, तो इसका बहुत अधिक महत्त्व है। इसमें जो लोग इसके साक्षी बने वे अपने-अपने देश, संस्था के गणमान्य हैं और अपनी एक अहमियत भी रखते हैं। वर्ष 2023 पेरिस सिद्धांतों को अपनाने की 30वीं वर्षगांठ है। आज दुनिया भर में स्वतंत्र और प्रभावी एनएचआरआई अपने होने का एहसास कराना चाहते हैं। यह ओएचसीएचआर और एनएचआरआई की स्थापना की 30वीं वर्षगांठ भी है। सब मिलाकर देखें तो यह सभी संस्थाएं लगभग एक साथ अपने अस्तित्व में आयीं और सबने अपने-अपने अनुसार कार्य किया यद्यपि सबकी भूमिका को देखा जाए तो, सब अलग-अलग अपना स्थान रखती हैं और सबका एक ही लक्ष्य है मानवाधिकारों का भरपूर संवर्धन हो। ओएचसीएचआर जिसके मार्गदर्शन में मानवाधिकारों की वैश्विक पहल होती है उसकी एक आनुषांगिक संस्था है एनएचआरआई, यह 1993 में ही दुनिया में अस्तित्व में आई। 1993 एनएचआरआई का शुरूआती समय था। आज इसकी संख्या बढ़कर 120 हो गयी है। आज ये विश्व में मानवाधिकारों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए एक शक्तिशाली मंच हैं जो मानवाधिकारों के उल्लंघन को समझते हुए कानूनों, नीतियों को क्रियान्वित करने में योगदान करके मानवाधिकारों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

अब यदि दिल्ली घोषणा-पत्र के मूल सोपान को समझा जाए तो उसके लिए एक उत्कृष्ट कहा जा सकता है कि यह संवाद की लड़ीं थी जो लोगों के जीवन, आजीविका, गरिमा और न्याय से परिपूर्णता के लिए ही एक एकीकृत आवाज़ हैं। इसमें पर्यावरणीय चुनौतियों, कोविड-19 महामारी से उबर रहे लोग और उनकी चुनौतियों, पृथ्वी पर अशांति व युद्ध और संघर्ष की व्यथाओं, हिंसा और भेदभाव की जटिलताओं पर तत्काल सक्रिय कार्रवाई करना चाहती हैं। इसमें गैनहरी सुरक्षा के लिए साझा प्रतिबद्धता के महत्व को प्रदर्शित किया गया। एनएचआरआई की स्थापना और सुदृढ़ीकरण के माध्यम से मानवाधिकारों को बढ़ावा देना पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप हो, इसपर बल दिया जाता है इसलिए विरासत को आत्मसात करने, अपनाने, वर्तमान मानवाधिकार चुनौतियों पर व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से पड़ रहे प्रभावों पर खूब बातें हुईं। साथ ही इस पर सभी सहभागी लोग एकमत दिखे कि मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को सशक्त हम कैसे बना सकते हैं, इस पर हमें गंभीर होना होगा। घोषणा-पत्र की व्यापकता के लिए प्रतिबद्ध मानवाधिकारवादियों ने मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा पत्र की 75वीं वर्षगांठ को मील का पत्थर हम कैसे बना सकते हैं, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक मान्यता और परिपालन को विशेष रूप से रेखांकित कैसे कर सकते हैं, इस पर अपने जो मंतव्य रखे उससे यह तो दिखा कि सबको मानवाधिकारों की नितांत ज़रूरत है और सभी मनुष्यों का हित चाहते हैं लेकिन इसके लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, नई दिल्ली की मेजबानी की जो तारीफ़ हुई वह अद्वितीय थी, क्योंकि भारत आज़ादी की 75वीं वर्षगाँठ मनाकर पूरी पृथ्वी की शक्ति को एकजुट करने में लगा हुआ है, इस बीच मानव अधिकार आयोग ने न केवल समय को पहचाना बल्कि एशिया प्रशांत मंच के मानवाधिकारवादियों को इकठ्ठाकर 15 सूत्रीय प्रतिबद्धताएं अमल में लाने का घोषणा-पत्र लाकर मनुष्य की चिंता को केंद्र में ला दिया है।

(लेखक वरिष्ठ शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

# गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
## प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## गणेश विसर्जन



मुंबई में गुरुवार को गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान मूर्ति के विसर्जन से पहले एक जुलूस के दौरान भगवान गणेश की एक मूर्ति को एक संकरी गली से ले जाया जा रहा।

## आज की पाती

### आवश्यकता कम करने से भौतिक प्रतिस्पर्धा होगी कम

मनुष्य का जीवन पशु की तरह आहार और निद्रा तक ही सीमित नहीं है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने के नाते उसमें दया, प्रेम और सहानुभूति की भावना होती है। इन भावनों से ही मनुष्य और पशु में अंतर किया जा सकता है। आज मनुष्य में दया, प्रेम और सहानुभूति की भावना खत्म होती जा रही है। रास्ते पर हुए दुर्घटना को देखकर हम मुंह मोड़ कर चले जाते हैं। हममें दया और प्रेम की भावना खत्म होती जा रही है। शायद यह समय के साथ बढ़ती हिंसा और परिवार विघटन के कारण है। हमें शिक्षा भी ऐसी नहीं दी जाती है जिसमें मानव के प्रति प्रेम की भावना हो। आज बच्चों के हाथ में मोबाइल आने से हिंसक फिल्में और सीरियल उसे प्रेरित कर रहे हैं। समय रहते इस पर लगाम लगाना होगा।

*– कांतिलाल मांडोत सूरत*

## करंट अफेयर

### किम का परमाणु हथियार उत्पादन बढ़ाने का आव्हान

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने परमाणु हथियारों के उत्पादन में तेजी से वृद्धि करने और 'नए शीत युद्ध' में अमेरिका का सामना कर रहे देशों के गठबंधन में अपने देश के बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि किम ने देश की संसद के दो दिवसीय सत्र के दौरान ये टिपण्णियां कीं। संसद सत्र के दौरान देश के परमाणु हथियार कार्यक्रम का विस्तार करने की किम की नीति को शामिल करने के लिए संविधान में संशोधन किया गया। यह संसद सत्र तब आयोजित किया गया है जब किम ने इस महीने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने तथा सैन्य एवं तकनीकी स्थलों का दौरा करने के लिए रूस के 'फार ईस्ट' क्षेत्र की यात्रा की। किम की टिप्पणियों पर केसीएनए की खबर तब आयी है जब एक दिन पहले उत्तर कोरिया ने जुलाई में भारी हथियारों से लैस अंतर-कोरियाई सीमा से देश में प्रवेश करने वाले अमेरिकी सैनिक ट्रैविस किंग को रिहा कर दिया। किंग को रिहा किए जाने से वे अटकलें खारिज हो गयी है कि उत्तर कोरिया, अमेरिका से छूट हासिल करने के लिए उसकी रिहाई में मोलभाव कर सकता है।



## ऑफ बीट

### चालक रहित कारें विकलांगों को प्रदान करेगी काफी राहत

आप चाहें या न चाहें, निकट भविष्य में हमारी सड़कों पर ड्राइवर रहित कारें दिखाई देने लगेंगी। सिद्धांत रूप में, पूरी तरह से स्वायत्त चालक रहित वाहन विकलांग लोगों को भारी लाभ प्रदान करेंगे। अक्सर, विकलांग लोगों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते समय कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर लिफ्ट के लिए दोस्तों और रिश्तेदारों पर निर्भर रहना पड़ता है या टैक्सियों पर अपने सीमित बजट का बहुत अधिक हिस्सा खर्च करना पड़ता है। ये सभी मुद्दे विकलांग व्यक्ति के खरीदारी करने, काम पर जाने, चिकित्सा कारणों से बाहर जाने, मेलजोल बढ़ाने या मनोरंजन स्थलों पर जाने के अधिकारों में हस्तक्षेप करते हैं। इसके अलावा, कुछ विकलांग लोगों को अनुकूलित वाहनों में भी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है – उदाहरण के लिए, कुछ दृश्य विकार, हानि की डिग्री के आधार पर, इस श्रेणी में आ सकते हैं। बेशक, ड्राइवर रहित कारों के आगमन के साथ यह बदल सकता है, जिसका उपयोग कोई भी अपनी चिकित्सीय स्थिति की परवाह किए बिना कर सकता है। यूके में हजारों व्यक्तियों में ऐसी विकलांगताएं हैं जो उनकी गाड़ी चलाने की क्षमता में बाधा डालती हैं।



## ट्रेंड

### आजादी के प्रतीक

भारत की स्वतंत्रता शहीद भगत सिंह का बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। वे साहस के प्रतीक थे, वे हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अथक लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। जयंती पर स्मरण।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### गहरी संवेदना

श्री एमएस स्वामीनाथन के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना। भूख मुक्त भारत के लिए उनकी अनुकरणीय दृष्टि ने देश को महत्वपूर्ण समय में खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण अंतर को पाटने में मदद की।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### हम मरणशील हो रहे

हे देवाधिदेव। उज्जैन में एक बिटिया के साथ जो दरिंदों ने किया और उसके बाद उसके दर्द व लज्जा के प्रति जो निष्ठुर सामाजिक उपेक्षा दिखाई दी उसके अपराध के लिए हम सबको क्षमा कर देना। समाज के तौर पर हम सब मरणशील हो रहे हैं।


-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि




### फर्जी वीडियो

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वहीदा जी बगीचे में "आज फिर जीने की तमन्ना" पर नाच रही हैं। उनके परिवार ने मुझे सभी को सूचित करने को कहा है कि यह नकली वीडियो है। ठीक है दोस्तों? अब तुम्हें पता है!

-सिमी ग्रेवाल, अभिनेत्री






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

*थाना पुलिस की 10 दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्यवाही*

## मंडावर पुलिस ने डकैती की योजना बनाते 7 लुटेरों को किया गिरफ्तार




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**मंडावर (राहुल जोशी)**। थाना पुलिस ने बुधवार को डकैती की योजना बनाते 7 लोगो को गिरफ्तार किया है। जो की पुलिस की 10 दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्यवाही है। वही लुटेरों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, डंडे, सरिया, मिर्ची पाउडर, रस्सी, टॉर्च, ओर एक वर्ना कार बरामद की है। जानकारी के अनुसार 27 सितंबर बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली की बनावड घाटी में एक सफेद रंग की वर्ना कार खड़ी है। और आगे घाटी में करीब 6 से 7 लोग बैठे हुए है। जो की संदिग्ध है। उनके पास हथियार होने की पूरी संभावना है। जो की थाना इलाके में डकैती की बड़ी योजना बना रहे है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी ने उच्च अधिकारियों से मामले को अवगत करवाया। जिस पर पुलिस के उच्च अधिकारियों ने महुवा सी ओ प्रेम बहादुर सिंह निर्भय के सुपरविजन में थानाधिकारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल कमलेश, कांस्टेबल नंदकिशोर, कांस्टेबल प्रताप, कांस्टेबल संदीप, चालक मानसिंह और महिला कांस्टेबल माया देवी की टीम गठित की। टीम ने थानाधिकारी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए बनावड़ की घाटी से डकैती की योजना बनाते हुए 7 लुटेरों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। थानाधिकारी ने बताया कि लुटेरों के महुवा, हिंडौन, गंगापुर दौसा व जयपुर




आदि जिलों के कई थानों में अपराधिक मामले चल रहे है। रिंकू उर्फ वीरेंद्र मीणा पुत्र केदार और रमाकांत मीणा पुत्र रामसिंह मीणा पर महुवा टोडाभीम जयपुर के थानों में मारपीट, छेड़छाड़, जबरन कब्जा, लूट, हत्या आदि संगीन धाराओं में मुकदमे विचाराधीन है। वही विशाल और दीपेंद्र पर महुवा और राजगढ़ थानों में मारपीट के मामले चल रहे है। बता दे की थाना पुलिस ने 10 दिनों के भीतर ये दूसरी बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। गौरतलब है की थाना पुलिस ने अश्लील क्लिपिंग बनाकर ब्लैकमेलिंग करने के मामले में 19 सितंबर को 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 लाख 90 हजार रुपए और 7 एटीएम कार्ड व कार भी बरामद की थी।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

- रिंकू मीणा उर्फ वीरेंद्र पुत्र केदार उम्र 28 वर्ष निवासी सांथा थाना महुवा।
- रमाकांत मीणा पुत्र रामसिंह मीणा उम्र 25 वर्ष निवासी हुडला थाना महुवा।
- गौरव पुत्र हंसाराम उर्फ रामहंस उम्र 24 वर्ष निवासी हुडला थाना महुवा।
- विशाल मीणा पुत्र भगवत मीणा निवासी उम्र 23 वर्ष निवासी कटकड थाना सदर हिंडौन जिला करौली।
- लवकुश मीणा पुत्र छुट्टन मीणा उम्र 27 वर्ष निवासी कटकड थाना सदर हिंडौन जिला करौली।
- पवन मीणा पुत्र लाखन मीना उम्र 22 वर्ष निवासी कटकड़ मेडी थाना वजीरपुर जिला गंगापुर।
- दीपेंद्र उर्फ दीपू पुत्र मंगतू गुर्जर उम्र 30 वर्ष निवासी हाड़ोली थाना मंडावर।

**वाजिब मांगो को लेकर शिक्षक महापंचायत में फूटा आक्रोश...**

# शिक्षकों ने कहा 'खूब किये वादे, पूरे नहीं करने के है इरादे'

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) विगत तीन माह से उपशाखा से संभाग स्तर पर पद यात्रा, सद्बुद्धि यज्ञ, वार्ता, प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौपते हुए अपनी जायज मागों के समाधान की माँग कर रहा है किंतु हुक्मरानो के कानों में जू तक नहीं रेंग पाई। जिसको लेकर राज्य के शिक्षको में भारी आक्रोशित होकर सड़को पर आकर शिक्षक महापंचायत करने विवश हुआ है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा ने बताया कि शिक्षक महापंचायत में हजारों की संख्या में शिक्षक काली टोपी पहनकर सूरज मैदान, जयपुर में एकत्रित हुए। महापंचायत में नारे, प्रदर्शन कर शिक्षक हितों की वाजिब मांगों के प्रति असंवेदनशील रवैये को लेकर सरकार व उनके अधिकारियों को कोसा गया। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी तुरंत शिक्षक विरोधी निर्णयों को वापस ले। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों से मांग की कि शिक्षकों की सभी वाजिब मांगों को अपने घोषणा पत्र में सम्मिलित करें और सरकार बनने के प्रथम सौ दिवस में उन्हें पूरा करें। महापंचायत के लिए शिक्षक भी हुए मजबूर आन्दोलन के संयोजक एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सम्पतसिंह ने कहा कि पहले केवल विभिन्न समाजों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर महापंचायत की जाती रही है। किंतु वाजिब मांगो को नजरन्दाज व अनसुना कर केवल आश्वासन देते रहने के कारण शिक्षको को भी महापंचायत करने विवश होना पड़ा है। राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये से नाराज संगठन के हजारों शिक्षको ने संगठन की स्थाई समिति के निर्णयानुसार शिक्षक महापंचायत कर हुंकार भरकर बता दिया है कि अब शिक्षक समाज इसे सहन नहीं करेगा।

## महापंचायत ने पारित किए पांच प्रस्ताव

**संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि महापंचायत में पांच प्रस्ताव लिए है।**

### प्रस्ताव संख्या-1

शिक्षकों के सभी संवर्गों की पदोन्नतियां सरकार के गठन से अब तक लंबित हैं। सभी शिक्षक 5 वर्ष से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। किंतु सरकार का ध्यान इस पर नहीं है। अतः यह महापंचायत मांग करती है कि आचार संहिता लगने से पूर्व समस्त संवर्गों की पदोन्नति की जाए।

### प्रस्ताव संख्या-2

शिक्षकों को मूल कार्य से भटकाकर, शिक्षण व्यवस्था को चौपट करने की मंशा को छोड़कर, छात्र हित को केंद्र में रखकर ह्यशिक्षक को पढ़ाने व छात्रों को पढ़ने दोह्ल के भाव को समझकर शिक्षकों को बीएलओ सहित समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जावे।

### प्रस्ताव संख्या-3

ह्यखूब किए वादे पूरे करने के नहीं इरादेह्ल को चरितार्थ करते हुए सरकार की अध्यापकों के स्थानांतरण की थोथी घोषणाएं अब तक पूरी नहीं हुई है। लंबे समय से दूरस्थ स्थानों पर बैठा अध्यापक घर-परिवार के पास रहने के सपने संजोए बैठा है। जिनको आवेदन करवाकर स्थानांतरण नीति का झुनझुना पकड़ाकर कर वर्तमान सरकार ने शिक्षकों के साथ छल किया है। वर्तमान सरकार ने अपने पूरे 5 वर्ष के कार्यकाल में अध्यापक संवर्ग के तबादले नहीं करने पर आज इस शिक्षक महापंचायत में सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाता है।

### प्रस्ताव संख्या-4

वेतन विसंगति निराकरण हेतु पूर्व में गठित सावंत कमेटी एवं खेमराज कमेटी द्वारा सरकार को सौंपी गई वेतन विसंगतियों की रिपोर्ट को सरकार ने ठंडे बस्ते में डालकर रख दिया है जबकि शिक्षकों की समस्त संवर्गों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए दोनों कमेटियों की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर सरकार को पारदर्शिता दिखानी चाहिए। इसके स्थान पर सरकार ने इसे दबाकर समस्त संवर्ग के शिक्षकों के हितों की अनदेखी की है। अतः इस महापंचायत में हम सभी संवर्ग के शिक्षक एक मत से यह प्रस्ताव पारित करते हैं कि तत्काल प्रभाव से वेतन व संगतियों को दूर किया जावे।

### प्रस्ताव संख्या-5

राजस्थान सरकार के संवेदनशील मुख्यमंत्री महोदय ने 5 सितंबर 2023 को शिक्षक-सम्मान समारोह के कार्यक्रम में शिक्षकों को ऑनलाइन एवं गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने का वादा किया और उसी दिन ह्यमोबाइल शिक्षक ऐपह्ल लॉन्च किया जिसके अंतर्गत हर शिक्षक को अपनी कक्षा के छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए आदेश जारी किए गए हैं जो सरकार की दोहरी नीति को दशार्ता है। आज इस महापंचायत में इस काले कानून का विरोध में प्रस्ताव पारित किया जाता है।

### नहीं सुना तो, कोप भाजन का होना पड़ेगा शिकार

राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद व्यास ने कहा कि राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा नित नए-नए प्रयोग कर शिक्षको को गैर शैक्षणिक कार्यो की ओर धकेला जा रहा है। शिक्षक कक्षा कक्ष में अध्यापन तक करवा नहीं पा रहा। बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद अपनी गलत नीतियों का ठीकरा शिक्षको पर फोड़ा जाता रहा है। दमनकारी नीति अपनाते हुए वाजिब मांगो को अनसुना किया गया है। अब भी कोई ठोस सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तो आगामी समय मे शिक्षको के कोप भाजन का शिकार होना पड़ सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अरूणा शर्मा ने कहा कि हम इस सरकार को अन्तिम रूप से चेतावनी देते है कि तुरन्त शिक्षक विरोधी निर्णयों को वापिस लेवें, महिलाओं की चाईल्ड केयर लिव पर पुराने नियमों के अनुसार पूरे अवकाश में पूर्ण वेतन दिया जाये।

### घोषणाओं पर अमल नहीं, फिर कैसे कहे लोकतांत्रिक सरकार

संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री ने कहा कि विद्यमान कांग्रेस सरकार ने अपने स्वयं के घोषणा पत्र को जन घोषणा पत्र का नाम दिया लेकिन उक्त घोषणा पत्र में शिक्षको से सम्बंधित किये गए वादों में से एक भी वादा अब तक पूरा नहीं किया। फिर कैसे कहे लोकतांत्रिक सरकार। शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए प्रदेश संरक्षक प्रहलाद शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले शिक्षा सत्र में पांच हजार विद्यालयों को क्रमोन्नत तो कर दिया। लेकिन एक साल बाद भी यहां न तो शिक्षक लगाए गए हैं और न ही पदों की स्वीकृति मिली। उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य नहीं है तो उच्च प्राथमिक में अध्यापकों को टोटा। ऐसे में यह कहा जाए कि विद्यालयों का सिर्फ साइन बोर्ड ही बदला है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार असंवेदनशील, संवादहीन बनी हुई है। शिक्षकों के हितों की अनदेखी कर रही है।

### ये है ज्वलंत मांगे

संगठन के संरक्षक राजनारायण शर्मा, श्री उमराव लाल वर्मा, संगठन की सह संगठन महिला मंत्री सुशीला जाट एवं महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सुषमा विश्नोई तथा उपाध्यक्ष मा.शिक्षा अरुणा शर्मा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रारम्भिक शिक्षा अमरजीत सिंह एवं 9 संभागों के प्रदेश उपाध्यक्ष यथा कैलाशचंद सुथार, ओमप्रकाश विश्नोई, दीनदयाल शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, बसंत जिंदल, रूपाराम खोजा, योगेश कुमार शर्मा, शैतानसिंह राठौड़, ऋषिन चौबीसा व अभय सिंह राठौड़ संस्कृत शिक्षा उपाध्यक्ष ने संगठन की 11 सूत्री मांगों से अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार विगत वर्षों से तृतीय वेतन श्रृंखला शिक्षकों के स्थानान्तरण तक नही कर पाई है। बीएलओ सहित ढेरो गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों को झोख रखा है। संगठन की मांग है कि थर्ड ग्रेड शिक्षको के ट्रांसफर किये जावे तथा बीएलओ व गैर शैक्षणिक कार्यो से तत्काल मुक्त किया जावे। अध्यापकों, वरिष्ठ अध्यापको के सभी संवर्गो की वेतन विसंगतियों का निराकरण व उन सभी के नोशनल लाभ के प्रकरणों में एकरूपता लाने। 8-16-24-32 वर्ष पर ए.सी.पी.व पदोन्नति पद का वेतनमान प्रदान करने, आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सीसीएल अवकाश स्वीकृत करने नियमो में बदलाव कर आदेश जारी करने, सम्पूर्ण सेवाकाल में परिवीक्षा अवधि केवल एक बार एक वर्ष करने, नियमित वेतन श्रृंखला में फिक्सेशन के समय परिवीक्षा अवधि को भी जोड़ने, सभी संवर्गो की नियमित वर्षवार डीपीसी कर पदस्थापन करने, पातेय वेतन पर पदोन्नति शिक्षको को कार्यग्रहण की तिथि से वित्तीय परिलाभ व वरिष्ठता प्रदान करने, संस्कृत शिक्षा मे प्रवेशिका को वरिष्ठ उपाध्याय मे क्रमोन्नत करने तथा संगठन के मांग पत्र में वर्णित प्रारम्भिक, माध्यमिक, संस्कृत शिक्षा के शिक्षको की माँ गो के समाधान करने की माँ ग की है।

**जवाजा पुलिस की बड़ी कार्यवाही**

## 1790 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त एवं 780 ग्राम अवैध अफीम बरामद

**डोडा पोस्त परिवहन करते 10 चक्का ट्रक किया जब्त**



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल)**। जिले की जवाजा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 1790 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त एवं 780 ग्राम अवैध अफीम बरामद जिसकी अनुमानित कीमत 03 करोड रुपए बताई जा रही है।पुलिस



ने अवैध डोडा पोस्त परिवहन करते 10 चक्का ट्रक को जब्त एवं एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि चुनावों के दौरान राज्य में मादक पदार्थों के परिवहन की संभावना बनी रहती है इसीलिए राज्य में आगामी विधानसभा आम चुनाव 2023 के मध्येनजर रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एव धरपकड अभियान चलाया गया है जिसके तहत गुरुवार को पुलिस थाना जवाजा थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा उप निरीक्षक मय पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी करके एक दस चक्का ट्रक नंबर आरजे 14 जी. जी. 5616 में चालक चुन्नीलाल विश्नोई द्वारा तस्करी करते हुए ले जाये जा रहे 1790 किलोग्राम डोडा पोस्त, और 780 ग्राम अफीम सहित ट्रक जब्त किया तथा ट्रक ड्राइवर चुन्नीलाल पुत्र कालुराम जाति विश्नोई उम्र 31 साल निवासी वोढा पुलिस थाना करड़ा जिला सांचौर को गिरफ्तार किया गया है।

जवाजा थानाधिकारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि ट्रक में एक बड़ा लकडी का केबिन बनाकर उसमें मादक पदार्थ छुपाकर पुलिस को गच्चा देने के उद्देश्य से ऊपर से लकड़ी के गट्टे रखे गए थे जिससे कि पुलिस को पता नहीं चले लेकिन मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ट्रक की तलासी ली जिस पर ट्रक में अवैध डोडा पोस्त एवं अमल परिवहन करना सही पाया गया। पुलिस ने मामला संख्या 348 / 2023 अपराध धारा 8/15, 8/18 एनडीपीएस एक्ट में पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है ।

## युवाओं ने मनाई भगत सिंह जयंती

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**लक्ष्मणगढ़**। लक्ष्मणगढ़ में युवाओं ने शहीद सरदार भगत सिंह जी की 116वीं जन्म जयंती मनाई गई। जानकारी के अनुसार कस्बे के बस स्टैंड पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को सबसे पहले शुद्ध जल से नहलाया गया। बाद में युवाओं ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये गये। बाद युवाओं ने शहीद भगत सिंह अमर रहे व देशभक्ति नारे लगाए गये। जिनमें प्रदेश सचिव प्रेम पटेल व जसवंत सिंह नरुका ने बताया कि भगत सिंह एक ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपनी जान की परवाह किया बिना अंग्रेजों से जमकर टक्कर ली । 28 सितंबर का दिन भगत सिंह की जंयती के रुप में मनाया जाता है। भरत सिंह पटेल ने बताया कि भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 में हुआ था। महज 23 साल की उम्र में उन्होंने अपने देश को स्वत्रंता दिलाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। तुफान नरुका ने बताया कि भगत सिंह का ये जुनून देख कर ब्रिटिश सम्रराज्य हिल गया था। इसीलिए भगत सिंह के इस योगदान को आज हम उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। सौरभ साहू ने बताया कि भगत सिंह को लिखने का बहुत शौक था, जेल में भी भगत सिंह लिखते थे और उनकी डायरी चर्चित थी। इस दौरान प्रेम पटेल, जसवंत सिंह नरुका, तुफान नरुका, सौरभ साहु, भरत सिंह पटेल, त्रिलोक मीणा, गजेन्द्र सिंह कैमला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

*लक्ष्मणगढ़ में दिखाई दी हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल*

## गणेश विसर्जन कार्यक्रम में शामिल हुए मुस्लिम युवा

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**लक्ष्मणगढ़**। एक ओर देश व प्रदेश में कई जगहों से आपसी सौहार्द खराब होने की खबर आती है वही दूसरी और कस्बा लक्ष्मणगढ़ में हिन्दू-मुस्लिम एकता व आपसी सौहार्द को देखने को मिलता है। कस्बे दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे के पर्व व त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाते और सहयोग करते है।

कस्बे में चल रहे सात दिवसीय गणेश महोत्सव कार्यक्रम के समापन गणपति का अलवर के सिलीसेढ़ में विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम में कस्बा लक्ष्मणगढ़ के हिन्दू युवाओं के अलावा आसम खेलदार, इकबाल खान, इमरान खान सहित अन्य मुस्लिम युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और गणपति बप्पा मोरिया ओर अगले वर्ष तू जल्दी के जयकारों के साथ गणपति का विसर्जन करवाया। गौरतलब है कस्बे के युवा एक दूसरे के पर्वों के दौरान बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। गत दिनों हनुमान जयंती सहित कई अन्य पर्वों पर निकाली गई शोभायात्राओ के दौरान मुस्लिम युवाओं के द्वारा शोभायात्रा व जुलूसों में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा कर जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था कराई गई थी। जिसमें में भी मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने बढ़ कर हिस्सा लिया था।

**खुशहाली के साथ मनाया गया अनंत चतुर्दशी का पर्व...**

# सुख और समृद्धि के साथ भगवान गणपति का विसर्जन

**आमेर/रोहन शर्मा**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**। राजधानी जयपुर के आमेर में अनंत चतुर्दशी का पर्व हर्षोल्लास व परंपरागत रूप से मनाया गया। सुबह से ही लोग अपने घरों में विराजमान गणपति की प्रतिमाओं को लेकर ढोल-बाजों के साथ नाचते-गाते विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान गणपति का विसर्जन किया गया। आमेर के सागर रोड पर विराजमान सफेद आकड़े श्वेतार्क गणेश मंदिर में चन्द्रमोहन याग्निक मंदिर के महंत के द्वारा गणपति की पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। इसके बाद, ढोल-नगाड़ के साथ गणेश मंदिर से प्रतिमा को विधिवत रूप से सागर में विसर्जन किया गया। भक्तो के द्वारा भगवान गणेश के नाम के जयकार के साथ गणपति बपा मोरया व गणेश महाराज की जय के नारे दूर-दूर तक सुनाई दे रहे थे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक घरों में विराजमान रहने के बाद गणपति बप्पा का जलाशयों में विसर्जन किया जाता है। गणेश उत्सव भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से चतुर्दशी तक चलता है। सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूजनीय देवता भगवान गणेश को माना जाता है.






**सुख-समृद्धि, और शांति के लिए प्रार्थना:** मैथिल समाज के ब्राह्मण अनिल झा ने बताया कि पुरुषों और महिलाओं ने भगवान विष्णु के अवतार अनंत श्री हरी के स्वरूप के भगवान की पूजा-अर्चना कर सर्वप्रथम कथा के बाद दिनभर उपवास रखकर परिवार में सुख-समृद्धि, अमन-चैन और शांति के लिए प्रार्थना भी की जाती है। इस मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मैथिल समाज के ब्राह्मणों के घरों और सार्वजनिक स्थलों पर परंपरागत रूप से अनंत भगवान की कथा का वाचन किया गया और विधि विधान के साथ अनंत भगवान की पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर 14 गांठे लगाकर सूत के नए धागे को पुरुषों ने अपनी दाई भुजा और महिलाओं ने अपनी बाई भुजा पर धारण करके पुराने धागे का विधिवत परित्याग कर सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। वहीं आरती करने के बाद लोगो ने दान-पुण्य किया। और भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त की ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

अखिल भारतीय गौड ब्राह्मण समाज

## बस्सी तहसील की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी (रामफूल मीणा)** । अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा की बस्सी तहसील एवं ईकाईयों के गुरुवार को सिद्दीपीठ श्री कल्याण जी धाम मंदिर बैनाड़ा में संपन्न हुए शपथ ग्रहण समारोह में आए हुए समाज के वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों व फिजूल खर्ची पर जोर देते हुए कहा कि शादियों व अन्य समारोहों में होने वाली फिजुलखर्ची व अनावश्यक लेन-देन पर वक्ता जमकर बरसे और

शपथ ग्रहण समारोह में सिद्दीपीठ श्री कल्याण जी धाम मंदिर के महन्त श्री श्री 1008 सन्त रामदयाल दास महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम की शुरूआत की महाराज श्री ने आशीर्वाद स्वरुप आए हुए समाज के वरिष्ठ समाज बंधुओ सहित महासभा के पदाधिकारियों को आशीर्वचन देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण करते ही व्यक्ति की समाज के लिए भी जिम्मेदारी बन जाती है।

अ. भा. ह. गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते बताया कि समाज में सील रही फिजूल खर्ची सहित व्याप्त कुरीतियों की रोकथाम के लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे और इस दौरान अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख दलों से 5-5 टिकट की मांग हरियाणा ब्राह्मण समाज की और से की है। समाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके लिए समाज को एकजुट रहना होगा। आगे उद्बोधन भाषण में कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला दुगार्पुरा ने बताया कि समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को शिक्षा पर जोर देना चाहिए और कहा कि शिक्षा ही जीवन है और शिक्षा से समाज व देश का नाम रोशन होता है।

प्रधान बस्सी इंदिरा देवी ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देने की बात कही वहीं सांगानेर तहसील अध्यक्ष भगवानसहाय गोविंदपुरा ने समाजिक समरसता पर अपने विचार रखे।

समारोह की अध्यक्षता बस्सी तहसील अध्यक्ष शंकर शर्मा दयारामपुरा ने की। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद, कोषाध्यक्ष शंभू लाल कुईवाले, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला, प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावावाले, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील टीलावाला, दौसा जिलाध्यक्ष घनश्याम भांडारेज आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सह महामंत्री बंशी बोहरा, शहर जिलाध्यक्ष बाबूलाल बेरीवाले, तहसील महामंत्री राजेन्द्र बेरोज्या, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका बस्सी विनोद कालवानिया, गोपाल सामोत्या, रामनारायण बोंट, कैलाश सींगवाड्या, रामस्वरूप पंचौली जीतावाला, गजानन्द कल्याणपुरा, पुष्पेन्द्र भ्याल थौलाई, विनोद पालावाला, हरसहाय ओजट, रमेश ईश्वरवाला, रामस्वरूप कालवानिया खेड़ी, बाबू सरपंच दूधली, बृजमोहन बंदावला, नवल, बद्री नारायण कालवाणियां पालावाला, सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित थे।

कार्यकारिणी को दिलाई शपथ : कार्यक्रम में नवगठित बस्सी तहसील कार्यकारिणी और इकाई कार्यकारिणीयों के पदाधिकारियों को सामूहिक शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समाज के लोग पहुंचे जयपुर, सांगानेर ,चाकसू ,चोमू ,दौसा,लालसोट, जमवारामगढ़ ,बसवा, थानागाजी,आमेर सहित अन्य तहसीलों से समाज बंधुओ ने भाग लिया और इस दौरान समाज की गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## दांतारामगढ़ विधानसभा चुनाव में बाहरी प्रत्याशियों व गठबंधन का विरोध

### भाजपा के स्थानीय दावेदार को प्रत्याशी घोषित करने की मांग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़ । (विनोद धायल)** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए उच्च स्तर पर बैठकें कर रहे हैं और शीघ्र ही कांग्रेस व भाजपा दोनों ही अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी लेकिन प्रत्याशियों की सूची जारी होने से पूर्व ही दांतारामगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं एवं स्थानीय नेताओं में विरोध के स्वर सुनने को मिल रहे हैं और यहां के स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी दांतारामगढ़ विधानसभा में बाहरी प्रत्याशी एवं गठबंधन करने के सख्त विरोध में नजर आ रहे हैं हालांकि अभी तक पार्टी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई घोषणा नहीं की गई है लेकिन जिस प्रकार से पार्टी लेवल पर जननायक जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच वातार्लाप चल रही है उसी को लेकर दांतारामगढ़ के भाजपा के कार्यकताओं को गठबंधन का डर सता रहा है। गुरुवार को दांतारामगढ़ विधानसभा के भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की दांतारामगढ़ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठाकुर करण सिंह दांता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि दांतारामगढ़ विधानसभा में आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसी भी बाहरी प्रत्याशी को स्वीकार नहीं करेंगे और ना ही किसी अन्य पार्टी से गठबंधन होना स्वीकार होगा अगर पार्टी लेवल पर ऐसा कुछ किया जाता है तो उसका विरोध किया जाएगा। इसी विषय को लेकर दांतारामगढ़ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ठाकुर करण सिंह दांता ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पूरी बात को स्पष्टता के साथ मीडिया के सामने रखा।

## चूरू में पागल कुत्ते का आतंक एक साथ 3 बच्चों को काटा, करनी पड़ी प्लास्टिक सर्जरी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चूरू**। राजस्थान में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब चूरू में एक पागल कुत्ते ने तीन बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में एक बच्चे का चेहरा और हाथ पर बुरी तरह जख्म हो गया है। उसके चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी करनी पड़ी है। एक घंटे के अंदर एक ही गांव में तीन बच्चों पर हुए कुत्ते के हमले के बाद दहशत है। गांव वाले कुत्ते को खोजने में जुटे हैं। यह मामला चूरू से करीब 60 किमी दूर सरदारशहर का है। जानकारी के अनुसार, चूरू जिले के सरदारशहर के गांव भैरूसर में गुरुवार सुबह पागल कुत्ते ने एक-एक कर तीन बच्चों को काट खाया। पागल कुत्ते ने खेत से घर लौट रहे 10 साल के बच्चे पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया।

कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के माता-पिता की प्रतिमा का हुआ अनावरण...

# सीएम अशोक गहलोत ने काठुवास में किया स्व. बिमला देवी और स्व. लेखराम ठेकेदार की प्रतिमा का अनावरण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा /रुपेश शर्मा/ अलवर ।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार के नीतिगत फैसलों और जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। पिछले पांच वर्षों में राज्य ने आर्थिक, सामाजिक, चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे का विकास सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। गहलोत गुरुवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के गांव काठूवास गांव में स्व. बिमला देवी एवं स्व. लेखराम ठेकेदार के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. बिमला देवी एवं स्व. लेखराम ठेकेदार ने अपने परमार्थ कार्यों और समाज सेवा से जनमानस के पटल पर अमिट छाप छोडी। उनके पैतृक गांव काठूवास में स्थापित ये प्रतिमाएं युवा पीढ़ी को हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। सभा स्थल पर हजारों की संख्या में पहुंचे भीड के हुजुम को देखकर सीएम गदगद हो गये। उन्होंने कहा कि आप लोगों की इतनी बडी संख्या में उपस्थिति मंत्री टीकाराम जूली के प्रति आपके प्रेम और अपनत्व को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि शून्य से शिखर की ओर पहुंचे जूली के पिताजी ने सामाजिक सरोकार की दिशा में सरपंच पद पर रहते हुए जो उल्लेखनीय कार्य किए उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का लंबा सफर तय कर इस परिवार ने गांव काठूवास को एक विशेष पहचान दिलाई है।

गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना, आरजीएचएस जैसी योजनाएं देश में मिसाल बनी हैं। अन्य राज्य भी राजस्थान की योजनाओं और फैसलों का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार से अपील की है कि वे भी राज्य सरकार की योजनाओं का अध्ययन कराकर देशभर में ऐसी योजनाएं लागू करें।







### 1 रूके कार्यों को प्रतिबद्धता से बढ़ाया आगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सरकार बनने के साथ ही पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को बंद करने के बजाय सुदृढ़ कर आगे बढ़ाया। पूर्व में रूके जयपुर मेट्रो, बाड़मेर रिफाइनरी के विकास कार्यों को फिर से शुरू किया। केदारनाथ त्रासदी पीड़ितों को सरकारी सेवा में नियुक्ति देने के संवेदनशील निर्णय को फिर लागू किया गया। साथ ही, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के लिए 14 हजार करोड़ रुपए स्वीकृत कर इसका कार्य शुरू करवाया जा रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की।

### 2 राजस्थान सामाजिक सुरक्षा में सिरमौर

गहलोत ने कहा कि राजस्थान सामाजिक सुरक्षा में देश में सिरमौर बनने जा रहा है। राज्य सरकार लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1 हजार रुपए मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही है, जिसमें प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत स्वतः वृद्धि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य कर्मचारियों के प्रति मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर ओल्ड पेंशन स्कीम फिर से लागू की गई। आरजीएचएस के माध्यम से राज्यकर्मियों को केशलेस इलाज की सुविधा दी जा रही है। जिससे राजस्थान के कर्मचारी देश में सम्मान के पात्र बन गए हैं।

### 3 महंगाई से मिली राहत, बढ़े रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने महंगाई राहत कैम्प के माध्यम से प्रदेशवासियों को 10 विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर महंगाई से राहत प्रदान की। बेरोजगारी दूर करने के लिए लगभग 3 लाख नियुक्तियां दी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेशभर में 100 मेगा जॉब फेयर आयोजित कर युवाओं को रोजगार के अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा योजना में ग्रामीणों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन का रोजगार दिया जा रहा है तथा शहरी क्षेत्रों में भी इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### 4 जनहित में बनाए कई कानून

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों के हित में राइट टू हैल्थ एक्ट, राजस्थान न्यूनतम आय गांरटी कानून, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, किसानों की जमीन कुर्की से बचाने का कानून जैसे कई महत्वपूर्ण कानून बनाए हैं। इन कानूनों की देश में ही नहीं विदेशों में भी सराहना हो रही है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने लोकदेवता भर्तृहरि बाबा के जयकारें के साथ अपनी बात रखी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने दोनों हाथ उठाकर खुले मन से तालियों से उनका अभिभावदन किया। अपने स्व. पिता को नमन करते हुए उनके सम्बोधन में कहा कि आप सा ना कोई मिला, आपके आदर्शों की छाया है। आपने उंगली पकडकर इस मिट्टी पर चलना सिखाया, आपने ही मुझे मानवता का पाठ पठाया। उन्होंने अपने स्व. पिताजी लेखराम ठेकेदार की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन में आमजन को रूबरू कराया। उन्होंने कहा था कि मेरे गांव काठूवास की एक छोटी सडक से लेकर आज हाइवे तक के विकास में उनकी भूमिका अग्रणी रही। आज मैं आपके सामने जिस पद पर खडा हूं यह भी मेरे पिताजी के संघर्षों की देन है।



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोटपूतली-बहरोड़ क्षेत्र को जिला बनाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। अब स्थानीय लोगों को अपने विभिन्न कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और क्षेत्र का विकास त्वरित गति से होगा। उन्होंने सीएम गहलोत के सामने अलवर जिले को संभाग, फुट ओवर ब्रिज निर्माण तथा औद्योगिक क्षेत्र काठूवास में कोरिडोर बनवाने की मांग भी रखी। कार्यक्रम से पूर्व अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से सीएम गहलोत का बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में राजस्थान प्रदेश एवं देश से पधारे मंच पर उपस्थित अतिथियों ने स्व. ठेकेदार जी के जीवन संघर्ष और लिखी गई स्मारिका का विमोचन भी किया। मंत्री जूली ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पधारे आमजन का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की। कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, विधायक प्रशांत बैरवा, दीपचंद खेरिया, जौहरी लाल मीणा, कांति मीना, जुबेर खान, योगेश मिश्रा, दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, चंडी ओमान, काजी निजामुद्दीन, जसवंत गुर्जर, हिम्मत सिंह पटेल, राव दानसिंह, राव नरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र यादव, अमृता धवन, डॉ. करणसिंह यादव, शेर मोहम्मद, संजीव बारेठ, कृष्ण मुरारी गंगावत, अजय अग्रवाल, महिपाल यादव, अभय सैनी, ललित यादव, डॉ. रामसिंह यादव, अनिता यादव, हिम्मत चौधरी, संजय गर्ग, जफरू खान, नरेन्द्र सावित्री मीना, योगेश मीना, वंदना व्यास, कविता यादव, कमलेश सैनी, रोहताश चौधरी, समसु जाटोली, महंत सुन्दरलाल, बच्चू चौधरी, हजारी लाल मीना, शिवलाल गुर्जर, विश्राम गुर्जर, योगेश मेहता, विलायती सरपंच, उमरदीन खान, इन्दर मीना, सपात खान, सम्मा प्रधान, शिवचरण, मुरारी लाल, राजेन्द्र प्रसाद, श्रीराम, मोहनलाल, ताराचंद, हनुमान प्रसाद, कैप्टन फूलचंद, जगदीश, कैप्टन ईश्वर सिंह, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## भामाशाह रोलानिया ने स्काउट के विद्यार्थियों को टेंट भेंट किया



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जाजोद(अरविन्द कुमार)** एनएच 52 पर स्थित बावड़ी बालाजी धाम पर गुरुवार को स्काउट के विद्यार्थियों को टेंट वितरण के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पवन कुमार रोज ने बताया की धीरजपुरा निवासी समाज सेवी भामाशाह बिसन सिंह रोलानीया ने शहीद दीपचंद वर्मा राउमावि बावड़ी के स्काउट के विद्यार्थियों को स्काउट का टेंट दिया तथा राउमावि धिरजपुरा के स्काउट के विद्यार्थियों को भी टेंट देने की घोषणा की। इस मौके पर बावड़ी मंदिर कमेटी अध्यक्ष गणपत राम बाजिया, बाबूलाल भावरिया, दीपाराम ऐचरा, प्रकाश चंद यादव, बीरबल वर्मा एवं स्काउट्स के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ के शहीद जवान शंकर लाल मीणा का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अन्तिम संस्कार

### रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज मीना व एसएचओ राजेश मीना सहित सीआरपीएफ के अधिकारियों ने दी सलामी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बबेली के गांव मकरोडा. निवासी शंकर लाल मीणा का बुधवार को आकस्मिक आर्ट अटैक से उनकी मौत हो गई व शहीद हुए जवान मीना का राजकीय सम्मान के साथ गुरूवार को पैतृक गांव मकरोड़ा मे रैणी प्रशासन और सीआरपीएफ अधिकारियो की मौजदूगी मे अन्तिम संस्कार हुआ। मीना वर्तमान मे श्रीनगर में एयरपोर्ट पर डी-35 बटालियन सीआरपीएफ में तैनात था और 1987 मे भर्ती हुआ एवं शहीद जवान मीना के परिवार मे धर्मपत्नी बरफी देवी तथा लड़की अन्जू , मन्जू व सपना है और लडके



योगेश , सचिन व रूचिन है इनमे से दो लडकियो की शादी कर दी है और सभी अविवाहित है तथा तीन दिनों से छुट्टी पर गांव आए हुए थे । अन्तिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हुआ इस दौरान सीआरपीएफ अधिकारियो द्वारा सलामी दी गई और रैणी तहसीलदार पृथ्वीराज मीना



व एसएचओ राजेश मीना के द्वारा एवं अनेक जनप्रतिनिधियो और गांव के गणमान्य नागरिको द्वारा भी सलामी दी गई। इस दौरान शहनाई से भी शहीद शंकर लाल मीणा अमर रहे की गुन्ज सुनाई दी तथा अन्तिम संस्कार के दौरान सैकड़ों ग्रामीण व अधिकारी लोग उपस्थित रहे ।

राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी में...

# बाडी के अजय गर्ग की 'फर्स्ट इन इंडिया ओंन स्टैंप' विषय पर आधारित प्रदर्शनी को मिला तीसरा स्थान

### भारतीय डाक विभाग के राजस्थान मंडल द्वारा 8 साल बाद आयोजित की गई थी प्रदर्शनी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाडी/अंकित गोयल** । भारतीय डाक विभाग के राजस्थान मंडल द्वारा 25 से 27 सितंबर तक राजस्थान राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी राजपैक्स 2023 का आयोजन जयपुर के जवाहर कला केंद्र में किया गया ।तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में राजस्थान के 107 डाक टिकट संग्रहकताओं ने अपने डाक टिकटों के संग्रह का प्रदर्शन किया इस डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्देश्य संग्रहकताओं द्वारा अपने-अपने डाक टिकट संग्रह को दिखाना व आज की नई पीढ़ी में डाक टिकट संग्रह के प्रति जागरूकता पैदा करना है? । इस प्रदर्शनी में देश के प्रमुख डाक टिकट संग्रहकर्ता बाड़ी निवासी अजय गर्ग ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।अजय की प्रदर्शनी विषय था "फर्स्ट इन इंडिया ओंन स्टैंप" उन्होंने दिखाया कि भारत में पहली बार स्टंप्स के क्षेत्र में क्या-क्या नए प्रयोग हुए अजय द्वारा लगाई गई इस







तरह की थीम भारत में पहली बार किसी संग्रहकर्ता द्वारा लगाई गई है उनकी यह नई थींम काफी चर्चा का विषय रही और लोगो ने बहुत पसंद किया गया तृतीय स्थान पर नाम घोषित होने के बाद बहुत लोग उनके संग्रह को देखने के लिए उनके फ्रेम तक आए अजय गर्ग पिछले 26 सालों से डाक टिकट संग्रह कर रहे हैं और देश के विभिन्न कोने में प्रदर्शनी लगते हैं तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए एवं कई प्रकार के प्रथम दिवस आवरणों का विमोचन किया गया प्रदर्शनी के दूसरे दिन अपने जमाने के सुप्रसिद्ध अभिनेता रहे देवानंद की 100वी जयंती पर अभिनेत्री हेमा मालिनी एवं ग्रैमी अवार्ड विजेता पंडित विश्व मोहन भट्ट व चीफ पोस्ट मास्टर जनरल दिल्ली मंजू कुमार द्वारा देवानंद जी के एक विशेष आवरण का विमोचन किया गया अजय की इस जीत पर सभी बाड़ी वासियो में खुशी की लहर है अजय ने अपने साथ-साथ अपने परिवार का एवं बाड़ी का नाम भारतवर्ष में ऊंचा किया है ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

*भाजपा नेता समाजसेवी रमेश कुशवाहा का हुआ जोरदार स्वागत*

### जनता का सिपाही बनकर पार्टी में काम करूंगा: रमेश कुशवाहा





**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**धौलपुर/अंकित गोयल** । धौलपुर जिले की बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के कस्बा सैपऊ व बिजौली में भाजपा नेता समाजसेवी रमेश कुशवाहा का जनसंपर्क के दौरान कस्बा सैपऊ में जनता जनार्दन व सर्व समाज के द्वारा बड़ी गर्म जोशी के साथ साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान समारोह किया गया इसमें जनता इस मौके पर जनता ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि सर्व समाज आपके साथ रहेगा लेकिन हमारी समस्याओं का समाधान होना बहुत बड़ी बात है क्योंकि आज विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में विकास के नाम पर जनता लूटी जा रही है आम आदमी और गरीब लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है इससे बचने के लिए जनता तुम्हारे साथ और हमारी समस्याएं जैसे पानी बिजली, सड़क, शिक्षा, बेरोजगारी और जल भराव ,जैसी समस्याएं को लेकर आम जन परेशान हैं इस मौके पर भाजपा नेता समाजसेवी रमेश कुशवाहा ने जनता के बीच पहुंचकर अपने संबोधन में कहा है कि मैं जनता का सिपाही बनकर भारतीय जनता पार्टी के आशीर्वाद से चुनावी मैदान में आया हूं और मैं ईमानदारी से पार्टी में रहकर काम करूंगा आज कांग्रेस सरकार बाडी विधानसभा क्षेत्र में अन्याय का साथ दे रही है आमजन के साथ धोखा हो रहा है इसे भी रोकने का काम करूंगा जनता को कभी धोखा नहीं दूंगा जनता का सिपाही बनकर जनता का सिपाही काम बनकर रहूंगा सर्व समाज के साथ रहा हूं सर्व समाज के साथ रहूंगा विधानसभा क्षेत्र बाड़ी में विकास कार्यों को लेकर आम जन तक पहुंचाने का काम करूंगा ।

### टेंपो-बाइक में भिड़ंत, महिला सहित 5 लोग घायल:घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, 3 लोगों की हालत गंभीर

**धौलपुर**। सदर थाना इलाके के चांदपुर गांव के पास गुरुवार दोपहर को बाइक और टेंपो में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक महिला समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन घायलों के गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

जानकारी के मुताबिक चांदपुर गांव के पास गुरुवार दोपहर को टेंपो और बाइक में भिड़ंत हो गई। बाइक सवार तीन लोग भोले पुत्र रामवीर निवासी बसेड़ी, सुभाष पुत्र श्री राम निवासी बसेड़ी और रविंद्र पुत्र जगन सिंह निवासी भूतपुर एक बाइक पर सवार होकर धौलपुर से बसेड़ी जा रहे थे, जिनकी सामने से आ रहे टेंपो से टक्कर हो गई।

दुर्घटना में टेंपो में सवार पूजा पत्नी संजय और संजय पुत्र रामबाबू के साथ बाईक सवार तीनों लोग घायल हो गए। टेंपो और बाइक सवार सभी घायलों को मौके पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जिनमें से तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### घर के कमरे में छुपा रखी थी अवैध शराब: आबकारी टीम ने दी मकान पर दबिश

**नागौर**। नागौर जिले के परबतसर में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव ततारपुरा के एक रिहायशी मकान में दबिश दी। जहां टीम ने अवैध शराब जब्त की। जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा के नेतृत्व में गांव ततारपुरा में अवैध देशी शराब जब्त की गई। जिला आबकारी अधिकारी मनोज बिस्सा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी की गांव ततारपुरा थाना गच्छीपुरा इलाके में दशरथ सिंह पुत्र गोपाल सिंह के रिहायशी घर से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। जिस पर टीम गठित की गई और दबिश की पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंची। जिस पर टीम ने जब मकान की तलाशी ली तो पिछले कमरे में 42 पेटी देशी शराब, 14 पेटी बियर, 9 अंग्रेजी शराब और 19 पेटी फ्लेछ की पेटियां बरामद करते हुए जब्त की गई। बिस्सा ने बताया कि आरोपी को दबिश की भनक लग गई थी, ऐसे में वो फरार हो गया।

फिलहाल आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान आबकारी निरीक्षक नागौर बाबूलाल जलवानिया, निरीक्षक मेड़ता मनरूप चौधरी, डीडवाना निरीक्षक सुभाष गोदारा, परबतसर निरीक्षक ललित कुमार, प्रहराधिकारी भींयाराम गोदारा, डीडवाना रामेश्वर, लाडनूं के हरि सिंह, नावा से एलआरबेडा सहित अन्य शामिल रहे।

### महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी: खुंडियावास बाबा रामदेव मंदिर में दर्शन के दौरान भीड़ भाड़ के बीच वारदात

अजमेर। अजमेर के खुंडियावास बाबा रामदेव मंदिर में दर्शन के लिए गई एक और महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी होने का मामला सामने आया है। नसीराबाद घर पहुंचने के बाद महिला को वारदात का पता चला। पीड़िता ने गेगल थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।हाउसिंग बोर्ड नसीराबाद निवासी भावना आर्य (47) पत?नी संजय कुमार कनोनिया ने बताया कि वह खुण?डियास बाबा रामदेव के दर्शन के लिए गई। दोपहर को करीब पौने एक बजे मंदिर में भीड़ थी और कुछ महिलाएं कोहनी से उसे परेशान कर रही थीं। इसी बीच ध्यान भटकाकर गले से मंगलसूत्र चोरी कर लिया। जब वह घर पहुंची तो उसे मंगलसूत्र नहीं होने का पता चला। गेगल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कॉन्स्टेबल कमल किशोर को सौंपी है। वहीं पुलिस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर वारदात करने वाली महिलाओं की तलाश करने में जुटी हैं। गौरतलब है कि दो दिन पहले आदर्शनगर खनिज नगर अजमेर निवासी सुरेश दायमा (37) पुत्र ताराचन्द दायमा ने भी मामला दर्ज कराया कि उनकी मां प्रेमदेवी के गले से इसी मंदिर में सोने की चेन चोरी हो गई थी।

---

**जयपुर शहर के 265 परीक्षा केन्द्रों पर 95 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी आजमाएंगे भाग्य**

# राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा-2023 के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 01 अक्टूबर 2023 (रविवार) को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन किया जायेगा।प्रातः11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा में जयपुर शहर के 265 परीक्षा केन्द्रों पर 95 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो दिनांक 29 सितंबर एवं 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक एवं 01 अक्टूबर को प्रातः 8:00 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त परीक्षा नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

#### 1 कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

कलक्टर ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पुलिस, निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

#### 2 अभ्यर्थियों को लाने होंगे ये दस्तावेज

अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पहचान हेतु प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिन्ट) लेकर उपस्थित होवें। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी को ई-एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नीली स्याही का पारदर्शी बॉल पेन के अतिरिक्त अन्य किसी सामग्री को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

#### 3 सुबह 10 बजे बाद नहीं दिया जाएगा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश

परीक्षा केन्द्र में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जायेगा। उसके पश्चात केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारम्भ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जावें ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं, अतः समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

#### 4 परीक्षा के लिए यह रहेगा ड्रेस कोड

पुरुष अभ्यर्थी आधी आस्तीन के शर्ट/टी-शर्ट/कुर्ता, पेंट/पायजामा एवं हवाई चप्पल/स्लीपर पहनकर आ सकेंगे। महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी, आधी आस्तीन का कुर्ता/ब्लाउज, हवाई चप्पल पहनकर एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा कर आ सकेंगी। परीक्षार्थी घड़ी, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, ताबीज, कैप/हैट, स्कार्फ, स्टॉल, शौल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे। सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा में देने की अनुमति दी जाएगी।

#### 5 अभ्यर्थियों को दिया जाएगा 10 मिनट का अतिरिक्त समय

परीक्षा में अभ्यर्थियों को 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इसमें अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि ओएमआर आंसर शीट में समस्त प्रश्नों में दिए गए 5 विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन कर भर दिया गया है।उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा आयोजित आगामी वस्तुनिष्ठ भर्ती परीक्षाओं में अब प्रश्न-पत्र व ओएमआर शीट में 5 वां विकल्प भी दिया जाएगा। यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है तो उसे पांचवे विकल्प का चयन करना होगा। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए 5 में से केवल एक गोले को ओएमआर शीट पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा कर भरना होगा। प्रत्येक प्रश्न के किसी एक विकल्प को भरना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहे तो 5 वें विकल्प का चयन कर भरना होगा। किसी भी विकल्प का चयन न करने पर प्रति प्रश्न 1/3 अंक काटे जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में यदि किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया जाता है तो उसे उस परीक्षा हेतु अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।

---

## जय हिंद फाउंडेशन के तत्वाधान में देशी ठाठ रेस्टोरेंट पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

**शिविर में उमड़ा हुजूम 384 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित**






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**गोविंदपुरा**।जय हिंद फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित शहीद भगत सिंह जयंती के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जय हिंद फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता आई जी राजस्थान पुलिस, महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज, समाजसेवी आशु सिंह सुरपुरा, सुरेंद्र सिंह नाथावत, करधनी एसएचओ उदय सिंह यादव कालवाड़, एसएचओ धर्म सिंह चौधरी रहे। अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जन सैलाब उमड़ा पड़ा। शिविर के दौरान दिन भर भीड़ लगी रही। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता जी आई जी राजस्थान पुलिस, महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज, सुरेंद्र सिंह नाथावत, समाजसेवी आशुसिंह सुरपुरा, चिरायु हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनोज चौधरी ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जय हिंद फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि शिविर में 384 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।करधनी थानाअधिकारी उदय सिंह यादव ने कहा कि रक्तदान को महादान का दर्जा दिया गया है। एक बार रक्तदान करके तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।चिरायु हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनोज चौधरी ने भी ब्लड डोनेट का महत्व बताया। आयोजन समिति में जीएल यादव, सनी शर्मा, प्रवीण फौजी, नरेंद्र कुमार, नरेंद्र बिजारणिया, दीपेश चौधरी, सुवालाल ,धर्मेंद्र सिंह आदि लोगों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बंधकर सम्मान किया।संदीप कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों ओर रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि रक्तदान शिविर में आप सभी के सहयोग ने चार चांद लगा दिए।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीणा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के काठुवास पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत



**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रबल दावेदार नेता रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीणा रिटायर्ड चीफ इंजीनियर गुरुवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के माता-पिता की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में काठूवास पधारने पर कार्यक्रम में हेलीपैड पर पहुंचकर रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीणा ने सभी वरिष्ठ कार्यकताओं व यशस्वी मुख्यमंत्री-राजस्थान सरकार अशोक गहलोत का स्वागत किया , वहीं रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीणा व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का भी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार स्वागत किया। टीकाराम जूली परम श्रद्धेय माताजी एवं पिताजी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम किया गया । इस दौरान योगेश मिश्रा (जिलाध्यक्ष) , एडवोकेट दुलीचंद मीणा सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।



## सीएलसी एनडीए एकेडमी के 10 छात्रों का चयन

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**सीकर**। सीएलसी एनडीए एकेडमी ने एनडीए 2 में शानदार परिणाम देते हुए एक बार फिर से अपना वर्चस्व कायम किया है। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया की यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए 2 सितंबर अटेम्प्ट की लिखित परीक्षा में सीएनए के 10 छात्रों का चयन हुआ है। चौधरी ने बताया की सीएनए के विनय प्रताप, तनीषा चारण, नवीन कुमार, आयुष यादव, अजय कुमार, शीशराम, हरपाल सिंह, विशाल सैनी, हरेंद्र सिंह और रोहित बिजारनिया ने लिखित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना चयन करवाया है। सीएनए एकेडमिक हेड निलेश पिलानिया ने बताया की शिक्षकों की मेहनत और सीएलसी के शानदार प्रबंधन के साथ छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है।चयनित छात्रों ने अपने चयन पर खुशी प्रकट करते हुए अपने चयन का श्रेय सीएलसी निदेशक के मोटिवेशन, शिक्षको की मेहनत और शानदार मैनेजमेंट को दिया। इस अवसर पर संस्था में खुशी का माहौल रहा और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

---

**राजस्थान के दलितों ने जारी किया दलित घोषणा पत्र**

# राजनीतिक पार्टियों अपने मेनिफेस्टो में देगी जगह, भाजपा ने जन संवाद कार्यक्रम से से बनाई दूरी

**सितारा न्यूज नेटवर्क**



**जयपुर।(विनोद धायल)**राज्य के अनुसूचित जाति वर्ग के संगठनों ने गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ह्यह्यराजस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग का जयपुर घोषणा पत्र-2023ह्व जारी किया। राज्य भर से आई दलित महिलाओं के एक पैनल ने सुमन देवठिया और कांता सिंह के नेतृत्व में इसे जारी किया।अनुसूचित जाति अधिकार अभियान के संयोजक पूर्व पुलिस महानिरीक्षक सत्यवीर सिंह ने बताया कि राजस्थान के 18 प्रतिशत अनुसूचित जाति की आबादी के मुद्दों को लेकर दलित घोषणा पत्र बनाया गया तथा उस मसौदे को लेकर राज्य भर में एक माह तक सामाजिक न्याय यात्रा निकाली गई, जिसने पचास जिलों के 100 स्थानों पर जन संवादों के जरिये विस्तृत विचार विमर्श के बाद यह घोषणा पत्र तैयार किया है, जिसे आज जारी किया गया।

अनुसूचित जाति अधिकार अभियान राजस्थान द्वारा इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित जन मंच के दौरान राजनीतिक दलों के साथ संवाद भी किया गया। इसमें कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के सदस्य एवं युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लांबा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष रणदीप सिंह चौधरी, आम आदमी पार्टी के जयपुर लोकसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अर्चित गुप्ता, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के डॉ. संजय माधव, भाकपा माले की नेता कामरेड मंजु लता मौजूद रही। इस अवसर पर मजदूर किसान शक्ति संगठन से जुड़े सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता निखिल डे भी मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने इस दलित घोषणा पत्र में शामिल सभी मुद्दों को अपने- अपने दल के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर घोषणा पत्र के मुख्य बिंदुओं पर एडवोकेट सतीश कुमार और डॉ. नवीन नारायण ने बात रखी। वहीं निखिल डे ने दलित संगठनों द्वारा राज्य भर में घोषणा पत्र निर्माण हेतु की गई प्रक्रिया की सराहना करते हुए इस दस्तावेज को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दरमियान निगरानी रखनी होगी। हर क्षेत्र में ऐसे ही जनमंच आयोजित करने होंगे। उन्होंने कहा कि अधिकार माँगना हम सबका हक है। सरकारें इन्हें दे कर कोई खैरात नहीं कर रही है।अनुसूचित जाति अधिकार अभियान राजस्थान के सह संयोजक भंवर मेघवंशी ने बताया कि हम इस ऐतिहासिक दस्तावेज को राजस्थान के हर विधानसभा क्षेत्र तक लेकर जायेंगे। चुनाव लड़ रहे हर उम्मीदवार की समाज के लिए जिम्मेदारी व जवाबदेही तय करेंगे। हम राजस्थान के इतिहास में पहली बार सभी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सोशल स्क्रीनिंग करेंगे, हम देखेंगे कि जो भी व्यक्ति दलित अत्याचार के प्रकरणों में शामिल रहा है या उसने किसी भी तरह आरोपियों की मदद की है। हम ऐसे व्यक्ति को कतई स्वीकार नही करेंगे और सभी दलों को अवगत करवाकर ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाने की मांग करेंगे।

अनुसूचित जाति अधिकार अभियान के सह संयोजक ताराचंद वर्मा ने बताया कि अधिकांश वक्ताओं ने इस घोषणा पत्र को राजस्थान का ही नही पूरे देश के अनुसूचित जाति वर्ग का घोषणा पत्र बताया औ? आश्वस्त किया कि इस दस्तावेज को लागू करने के संघर्ष में हम सब साथ है।

जन मंच में डॉ. बली मनोहर एवं कोऑपरेटिव इंस्पेक्टर सामाजिक, विनोद वर्मा रलावता,महेंद्र कुमार आनंद, गणपत लाल मेहरा, कंचन वर्मा, गिरीजेश दिनकर, कैप्टन के एल सिरोही, पूरणमल बेरी, मांगी लाल बुनकर, मांगी लाल भूतिया, डॉ. सतीश, घनश्याम बोयत, मोहन लाल यादव, वसंत रॉयल, इंजि. देवकृष्ण व हरी मंडावरा सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान अमृत ओमप्रकाश मनोहर, मोतीलाल उज्जैनिया,हेमराज खांडेकर , अमृतलाल अटोरिया, रामनिवास दहिया, मोहन लाल वर्मा, रामनिवास राघव, डॉ. भूदेव सिंह, चन्दा लाल बैरवा, गोविद भाटी, मातादीन सामरिया, विनोद गह्नोलिया, रेनू गेंगट, जगन जाटव, श्रवण वर्मा, राजेश गोठवाल व गणेश नावरिया सहित कई लोग मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

एशियाड महाकुंभ
25 पदकों के साथ 5वें स्थान पर भारत

# पुरुष एयर पिस्टल टीम ने जीता स्वर्ण पदक



शिव नरवाल : 580 | अर्जुन सिंह चीमा : 578 | सरबजोत सिंहः 576

**जीत के अंक**

| | |
|---|---|
| 1734 | भारत स्वर्ण |
| 1733 | चीन रजत |
| 1730 | वियतनाम कांस्य |

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारत की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। सरबजोत, चीमा और शिव नरवाल ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत को निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय निशानेबाज मौजूदा खेलों में अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में कुल 1734 अंक जुटाए जो चीन की टीम से एक अधिक है। चीन को रजत जबकि वियतनाम (1730) को कांस्य पदक मिला। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन में 580, चीमा ने 578 और नरवाल ने 576 अंक बनाए। व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा पदक जीतने में नाकाम रहे। सरबजोत और चीमा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे।

### टीम स्पर्धा में तीसरा स्वर्ण

शनिवार को अपना 22वां जन्मदिन मनाने जा रहे सरबजोत ने टीम स्वर्ण पदक के रूप में स्वयं को तोहफा दिया। निशानेबाजी की टीम स्पर्धा में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत टीम स्वर्ण पदक जीत चुका है।

# रोशिबिना ने वुशु में जीता रजत पदक

फाइनल में 2-0 से मिली हार



भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने यह पदक मणिपुर हिंसा के पीड़ितों को समर्पित किया। रोशिबिना का गृह राज्य मणिपुर इस साल मई से हिंसा से जूझ रहा है। विरोधी कुकी जातीय समुदाय के दबदबे वाले चूरचांदपुर के करीबी बिष्णुपुर के क्वाशिफाई गांव की रहने वाली मैतेई समुदाय की रोशिबिना को स्थानीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना ने रजत पदक जीतने के बाद कहा, 'मणिपुर जल रहा है। मणिपुर में हिंसा जारी है। मैं अपने गांव नहीं जा सकती। मैं यह पदक उन लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जो हमारी रक्षा कर रहे हैं और वहां पीड़ा सह रहे हैं। मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लड़ाई तो जारी है। यह कब रुकेगा और पहले की तरह सामान्य जिंदगी कब लौटेगी।'



### खिताबी मुकाबले का रोमांच

*चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए।मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1-0 की बढ़त बनाई। दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाए और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था।*

# घुड़सवारी की व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में भारत को पहला कांस्य

अनुष अग्रवाला ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में भारत को पहला व्यक्तिगत ड्रेसेज पदक दिलाया। 'एट्रो' पर घुड़सवारी कर रहे अग्रवाला ने 73.030 अंक जुटाए जिससे वह तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह उन्होंने एशियाड में अपना दूसरा पदक हासिल किया। भारत ने 1951 से घुड़सवारी स्पर्धा में 13 एशियाड पदक जीते हैं जिसमें मंगलवार को यहां जीता गया ड्रेसेज टीम स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। इससे पहले भारत ने ड्रेसेज में कभी भी व्यक्तिगत पदक नहीं जीता था। मलेशिया के बिन मोहम्मद फाथिल मोहम्मद काबिल अम्बाब ने 75.780 अंक के कुल स्कोर से स्वर्ण पदक और हांगकांग के जैकलीन विंग यिंग सियू ने 73.450 अंक से रजत पदक जीता।

| खिलाड़ी | पदक | अंक |
|---|---|---|
| काबिल अम्बाब | स्वर्ण | 75.780 |
| जैकलीन विंग | रजत | 73.450 |
| अनुष अग्रवाला | कांस्य | 73.030 |



### निराशाजनक : घोड़ा घायल होने से हृदय बाहर

इस स्पर्धा में शामिल अन्य भारतीय हृदय विपुल छेदा पदक स्पर्धा तक नहीं पहुंच सके क्योंकि उनके घोड़े चेम्क्सप्रो एमराल्ड के बाएं पैर में खून निकलता दिखा। बुधवार को हृदय ने क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया था। मंगलवार को अग्रवाला ने छेदा, दिव्यकृति सिंह और सुदिप्ती हाजेला के साथ मिलकर भारत को 41 साल के बाद ड्रेसेज टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया था।

## खबर संक्षेप



### वापसी पर खिलाड़ियों को मिल रहा अभ्यास

**राजकोट।** भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को संतोष है कि चोट के बाद वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को अगले सप्ताह शुरू हो रहे वनडे विश्व कप से पहले मैच अभ्यास मिल गया। कमर की तकलीफ के कारण लंबे समय तक बाहर रहे बुमराह ने मोहाली और राजकोट में दस दस ओवर गेंदबाजी की। तीसरे वनडे में वह हालांकि महंगे साबित हुए। वहीं अय्यर ने इंदौर में शतक जमाया और राजकोट में 48 रन बनाए। राहुल ने दो अर्धशतक लगाने के साथ उम्दा विकेटकीपिंग भी की।

### अफ्रीका के कप्तान बावुमा स्वदेश लौटे

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका को गुरुवार को झटका लगा जब उसकी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में टीम के दो अभ्यास मैच से पूर्व निजी कारणों से भारत से स्वदेश लौट गए। दक्षिण अफ्रीका को अपने पहले अभ्यास मैच में 29 सितंबर का अफगानिस्तान जबकि दूसरे अभ्यास मैच में दो अक्टूबर को न्यूजीलैंड से भिड़ना है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के सोशल मीडिया हैंडल पर अपडेट के अनुसार बावुमा निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।



### विश्व कप में बड़ी भूमिका निभाएंगे मैक्सवेल

**राजकोट।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मिचेल मार्श ने कहा है कि हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल आस्ट्रेलिया में वनडे विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे क्योंकि वह तीसरे स्पिनर के तौर पर टीम में संतुलन लेकर आते हैं। छह महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में लौटे मैक्सवेल ने भारत के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 66 रन से मिली जीत में 40 रन देकर चार विकेट लिए। मार्श ने कहा, 'यह शानदार स्पैल था। उसने पिछले कुछ महीनों में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है लेकिन उसे इस तरह वापसी करते देखकर अच्छा लगा। वह टीम में ऊर्जा लेकर आता है। उसकी मौजूदगी से टीम में संतुलन आता है।'



# अश्विन की वर्ल्ड कप टीम में एंट्री अभ्यास मैच के लिए पहुंचे गुवाहाटी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होना है, जिसका फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। इस इवेंट से पहले सभी टीमें अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम का पहला प्रैक्टिस मैच 30 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ खेला जाएगा, जिसके लिए टीम इंडिया गुवाहाटी पहुंच गई है। टीम इंडिया के गुवाहाटी पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें विराट कोहली, रोहित शर्मा और खिलाड़ियों के साथ आर अश्विन भी नजर आ रहे है।

बता दें कि भारतीय टीम ने विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली, जिसमें भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इस सीरीज में आर अश्विन ने कमाल का प्रदर्शन किया। इस बीच विश्व कप 2023 से पहले उनकी एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें आर अश्विन टीम इंडिया के साथ गुवाहाटी पहुंचते हुए नजर आ रहे हैं। इन वायरल तस्वीरों में स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल नजर नहीं आए। ऐसे में ये कयास लगाया जा रहा है कि आर अश्विन को अक्षर पटेल की जगह विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने इसकी फिलहाल कोई ऑफिशियिल जानकारी नहीं दी है।



### गेंदबाज अक्षर चोटिल

*बता दें कि विश्व कप 2023 के लिए भारतीय टीम में अक्षर पटेल को शामिल किया गया था, लेकिन वह चोटिल होने के चलते विश्व कप मिस कर सकते है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में मौका दिया गया था, लेकिन वह चोटिल होने के चलते नहीं खेल सके। एशिया कप 2023 के दौरान वह चोटिल हो गए थे। जिसके बाद फाइनल मैच से भी अक्षर पटेल को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा था और उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया था।*


# पाकिस्तान की बजाय ओमान में होंगे ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर

**लुसाने।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ और देश के खेल बोर्ड के बीच अंतर्कलह के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से छीनकर ओमान को दे दी।

FIH #HockeyInvites

अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि टूर्नामेंट अगले साल 15 से 21 जनवरी के बीच मस्कट में होगा। तीन अन्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर चीन (महिला क्वालीफायर 15 से 24 जनवरी 2024) और स्पेन (महिला और पुरुष 13 से 21 जनवरी) में होंगे। एफआईएच ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान हॉकी महासंघ प्रशासन के ताजा हालात को देखते हुए एफआईएच ने पुरू ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से वापिस लेने का फैसला किया था।अब यह टूर्नामेंट ओमान में खेला जाएगा।' ओलंपिक क्वालीफायर से छह महिला और छह पुरुष टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# रिले टीमें राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण से एक जीत दूर



एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारत की पुरुष चार गुणा 100 मीटर और महिला चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीमों ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए एशियाई खेलों के फाइनल में जगह बनाई। श्रीहरि नटराज, तनीष जॉर्ज मैथ्यू, अनिल कुमार और विशाल ग्रेवाल ने हीट में तीन मिनट 21.22 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। इस तिकड़ी ने नटराज, साजन प्रकाश, वीरधवल खाड़े और अनिल कुमार के 2019 में बनाए तीन मिनट 23.72 सेकेंड के 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' में सुधार किया।

धिनिधी देसिंघू, शिवांगी शर्मा, वृत्ति अग्रवाल और हशिका रामचंद्र ने इसके बाद आठ मिनट 39.64 सेकेंड के समय के साथ महिला चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बनाया। भारतीय टीम ने 10 टीम की हीट में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारतीय चौकड़ी ने हशिका, धिनिधी, विहिता नयना और शिरिन के इस साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बनाए आठ मिनट 40.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

# स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने पक्के किए पदक

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारतीय पुरुष और महिला स्क्वाश टीम ने गुरुवार को यहां अपने वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर एशियाई खेलों में पदक पक्के किए। पुरुष टीम ने पूल के अंतिम मुकाबले में नेपाल को 3-0 से शिकस्त दी जबकि महिला टीम ने मलेशिया के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में 0-3 की एकतरफा हार के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया।

दोनों टीमों ने अपने अपने पूल में शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने पदक पक्के किए। स्क्वाश में सेमीफाइनल में हारने वालों को भी कांस्य पदक मिलता है। पुरुषों की टीम स्पर्धा में अभय सिंह ने अमृत थापा मागर को 17 मिनट में 11-2, 11-4, 11-1 से मात दी। दूसरे मैच में महेश मंगावंकर ने भी 17 मिनट में जीत हासिल की, उन्होंने अरहंत केशर सिम्हा को 11-2, 11-3, 11-3 से हराया। हरिंदर पाल सिंह संधू ने फिर आमिर भलोन पर महज 12 मिनट में 11-1, 11-2, 11-6 से जीत हासिल की। भारतीय महिला टीम के लिए सबसे पहले जोशना चिनप्पा उतरीं जिन्हें सिर्फ 21 मिनट में मलेशिया की सुब्रमण्यम सिवसंगारी के खिलाफ 6-11, 2-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मुकाबले में तन्वी खन्ना को एइफा बिंटी अजमान के खिलाफ 9-11, 11-1, 7-11, 13-11, 11-5 से हार झेलनी पड़ी। मुकाबले के अंतिम मैच में 15 साल की अनाहत सिंह को मलेशिया की राशेल मेइ के खिलाफ 7-11, 7-11, 12-14) से हार मिली।



वर्ल्ड कप खेलने सात साल बाद भारत पहुंची है पाक टीम

# जोशिले स्वागत से अभिभूत पाकिस्तानी क्रिकेटर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सात साल बाद भारत आने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर यहां हुए जबर्दस्त स्वागत से अभिभूत हैं और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने इसके बारे में कहा, 'जबर्दस्त, मजा आ गया।'इससे पहले हवाई अड्डे पर भारतीय प्रशंसकों की जबां पर पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम का नाम था। बाबर एंड कंपनी के यहां पहुंचते ही भारत में सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम ट्रेंड करने लगी और दोनों मुल्कों के बीच तनाव मानों लोग भूल ही गए।

मोहम्मद नवाज और सलमान आगा के अलावा पूरी पाकिस्तानी टीम पहली बार भारत आई है। टीम के एक सूत्र ने कहा, 'हमें उम्मीद थी कि लोग मैदान पर आएंगे लेकिन हवाई अड्डे पर इस तरह के स्वागत की कल्पना नहीं की थी। वे टीम के इंतजार में खड़े थे और यह देखकर बहुत अच्छा लगा।' बाबर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'हैदराबाद में मिले प्यार से अभिभूत हूं।'' वहीं शाहीन शाह अफरीदी ने लिखा, 'हमारा जबर्दस्त स्वागत।'




### खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

पाकिस्तान टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को पहला अभ्यास मैच खेलना है लिहाजा खिलाड़ियों ने आने के 12 घंटे के भीतर ही मैदान पर वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग लिया। बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद सबसे पहले नेट पर अभ्यास के लिए आए। शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने उन्हें गेंदबाजी की। नसीम शाह की चोट के कारण टीम में वापसी करने वाले हसन अली ने भी गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। टीम ने ढाई घंटा मैदान पर बिताया।

### डाइट चार्ट में बटर चिकन और मटन करी

पाकिस्तानी टीम को यहां चिकन, मटन और मछली से बने व्यंजन परोसे जाएंगे क्योंकि भारत में सभी 10 प्रतिभागी टीमों को 'बीफ' नहीं परोसा जाएगा। टीम के डाइट चार्ट में लैंब चॉप, मटन करी, बटर चिकन और भुनी हुई मछली शामिल है। इसके साथ ही बासमती चावल, स्पैगेटी, पुलाव, हैदराबादी बिरयानी भी परोसी जाएगी।

# अभिषेक के दो गोल से भारत ने जापान को 4-2 से हराया

भाषा ▶▶| हांगझोउ

युवा स्ट्राइकर अभिषेक के दो गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां गत चैंपियन को जापान को 4-2 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की तथा एशियाई खेलों की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अभिषेक (13वें, 48वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए। भारत की तरफ से अन्य गोल मंदीप सिंह (24वें) और अमित रोहिदास (34वें) ने किए। जापान ने चौथे और अंतिम क्वार्टर के अंतिम पांच मिनट में वापसी की तथा जेनकी मितानी (57वें) और रयोसी काटो (60वें) के गोल की मदद से हार का अंतर कम किया। भारत पूल ए के अपने अगले मैच में शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर की टीम भारत ने जापान के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा तथा मैच में अधिकतर समय गेंद को अपने नियंत्रण में रखा। जापान की टीम टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई। पहले दो मैचों में आसान जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की तथा पांचवें मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत सिंह का फ्लिक बाहर चला गया। भारत ने 12वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर गंवाया, लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने शोता यामदा के प्रयास को विफल कर दिया। भारत ने इसके कुछ देर बाद दूसरा पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह उसका भी फायदा नहीं उठा पाया।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com